


- जम्मू-कश्मीर में 18, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को डाले जाएंगे वोट
- हरियाणा में एक ही चरण में 1 अक्टूबर को वोटिंग


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com — रायपुर, शनिवार 17 अगस्त 2024


**जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 3 फेज में**
**विधानसभा सीटें: 90 । बहुमत: 46**

परिणाम- 4 अक्टूबर को

| चुनाव से जुड़े इवेंट | फेज 1 | फेज 2 | फेज 3 |
|---|---|---|---|
| सीटें | 24 | 26 | 40 |
| नोटिफिकेशन | 20 अगस्त | 29 अगस्त | 5 सितंबर |
| नॉमिनेशन | 27 अगस्त | 05 सितंबर | 12 सितंबर |
| स्क्रूटनी | 28 अगस्त | 6 सितंबर | 13 सितंबर |
| नाम वापसी | 30 अगस्त | 9 सितंबर | 17 सितंबर |
| वोटिंग | 18 सितंबर | 25 सितंबर | 1 अक्टूबर |

# जम्मू-कश्मीर, हरियाणा में चुनावी जलसे का ऐलान, महाराष्ट्र में त्योहार के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

खास खबर

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में 3 चरणों में 18 सितंबर से लेकर एक अक्टूबर तक वोट डाले जाएंगे। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद ये पहला विधानसभा चुनाव है। वहीं हरियाणा में एक ही चरण में चुनाव होंगे। इसके लिए 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। दोनों ही राज्यों के चुनावी नतीजे 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर चुनाव ▶▶।शेष पेज 4 पर



### करीब 10 साल बाद जम्मू कश्मीर में चुनाव

जम्मू-कश्मीर में आखिरी बार चुनाव 2014 में नवंबर-दिसंबर में कराए गए थे। तब किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। इसके बाद मुफ्ती मोहम्मद सईद की अगुवाई वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और भाजपा ने गठबंधन सरकार बनाई। मुफ्ती मोहम्मद सईद के निधन के बाद राज्यपाल शासन लगा दिया गया।

### परिसीमन के बाद 90 सीटों पर होंगे चुनाव

जम्मू-कश्मीर में परिसीमन के बाद विधानसभा सीट 90 हो गई हैं। जम्मू में 43 और कश्मीर में 47 सीटें हैं। अनुसूचित जनजाति के लिए 9 और अनुसूचित जाति के लिए 7 सीटों को मिलाकर 16 सीटों को आरक्षित रखा गया है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए पहले की तरह 24 सीटें हैं।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव 1 फेज में

| इवेंट | फेज 1 |
|---|---|
| सीटें | 90 |
| नोटिफिकेशन | 5 सितंबर |
| नॉमिनेशन | 12 सितंबर |
| स्क्रूटनी | 13 सितंबर |
| नाम वापसी | 16 सितंबर |
| वोटिंग | 1 अक्टूबर |

महाराष्ट्र तथा वायनाड में चुनाव न कराए जाने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में मानसून की भारी बारिश के कारण मतदाता सूची को अपडेट करने में देर तथा आने वाले दिनों में ▶▶।शेष पेज 4 पर

**कोल घोटाला** — *200 अफसर, कर्मियों की टीम ने छत्तीसगढ़ राजस्थान, झारखंड तथा कर्नाटक में बोला धावा*

# ईओडब्ल्यू, एसीबी ने चार राज्यों में मारे छापे, 1 गिरफ्तार, 24 ठिकानों पर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

- छापे की कार्रवाई में बेनामी संपत्ति के दस्तावेज मिलने का दावा

कोल तथा डीएमएफ फंड घोटाले को लेकर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम एक बार फिर से एक्शन मोड पर है। इस जांच एजेंसी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ सहित राजस्थान, झारखंड, तथा कर्नाटक में 24 स्थानों पर छापे मारे और लंबी जांच पड़ताल की। इस दौरान एक कारोबारी को हिरासत में भी लिया गया। छापे की कार्रवाई निलंबित आईएएस समीर विश्नोई, रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा के निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया से संबद्ध लोगों के यहां की गई है। रानू साहू का मायका गरियाबंद में जांच टीम ने चार माह के भीतर दूसरी दफा धावा बोला। राजस्थान, अनूपगढ़ में निलंबित आईएएस समीर विश्नोई के रिश्तेदार के यहां जांच टीम पहुंची थी।

सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी ने समीर विश्नोई के देवेंद्रनगर स्थित सरकारी आवास तथा उनकी पत्नी प्रीति गोदरा के गायत्री नगर स्थित आवास में छापा मारा। कार्रवाई तड़के सात से आठ बजे के बीच की गई। जिन लोगों के यहां जांच ▶▶।शेष पेज 4 पर



### इन-इन जगहों में सर्च ऑपरेशन

जांच एजेंसी द्वारा जारी बयान के मुताबिक राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में दो-दो स्थान, बैंगलुरू,जमशेदपुर, गरियाबंद, कोरबा में एक-एक, महासमुंद में तीन, दुर्ग में आठ तथा रायपुर में पांच स्थानों पर छापे की कार्रवाई की गई। जांच एजेंसी द्वारा जारी बयान के मुताबिक छापे की कार्रवाई के दौरान अचल संपत्ति संबंधित दस्तावेज बरमाद किए गए हैं, जिनमें बेनाम ▶▶।शेष पेज 4 पर

### ट्रांसपोर्टर के नहीं मिलने पर नोटिस चस्पा

जांच टीम रायगढ़ में पेशे से ट्रांसपोर्टर नवनीत तिवारी के घर भी दबिश देने पहुंची। ट्रांसपोर्टर के घर में ताला लटका मिला। इसके बाद जांच टीम में शामिल निरीक्षक स्तर के अधिकारी ने घर के बाहर नोटिस चस्पा कर मकान को सील कर दिया है। नवनीत तिवारी को लेकर जांच टीम ने पड़ोसियों से भी पूछताछ की, बावजूद इसके ट्रांसपोर्टर के बारे में जांच टीम को कोई जानकारी नहीं मिली। उसके बाद जांच टीम उसके चचेरे भाई से पूछताछ कर वापस लौट आई।

### कोरबा में व्यापारी के घर छापा

कोरबा। शहर के एक प्रतिष्ठित व्यावसायी के घर शुक्रवार की सुबह एसीबी की टीम ने छापा मारा। टीम सुबह से देर शाम तक घर में दस्तावेज खंगालती रही। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से एसीबी की एक टीम शुक्रवार की सुबह टीपीनगर निवासी एक प्रतिष्ठित व्यवसायी एम एस पटेल के घर छापा मारने पहुंची। टीम में शामिल अधिकारीयों ने पहुँचते ही व्यवसायी के घर दस्तावेज ▶▶।शेष पेज 4 पर

### कोयला कारोबारी के घर पर एसीबी की छापेमारी

रायगढ़। कोयला घोटाले से संबंधित नवनीत तिवारी के घर 16 अगस्त को तड़के एसीबी ने दबिश दी लेकिन उनके घर में ताला लटका हुआ मिला। ऐसे में एसीबी टीम ने उनके घर में नोटिस चस्पा कर दिया है। पहले यह मामला ईडी देख रही थी अभी उसी मामले ने एसीबी ने भी ▶▶।शेष पेज 4 पर

**लापरवाही के कारण घटना**

## रायफल की सफाई करते दबा ट्रिगर, जवान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बीजापुर



भैरमगढ़ थाना में पदस्थ जवान सनके हपका की गोली लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जवान सर्विस रायफल की सफाई कर रहा था, सफाई करने के दौरान अचानक ▶▶।शेष पेज 4 पर

### सीने में लगी गोली

बताया जा रहा है कि प्रधान आरक्षक अवकाश से लौटकर 15 अगस्त को वापस थाना में आमद दिए थे। 16 अगस्त को आरओपी ड्यूटी के लिए रायफल इश्यू कराने के बाद रायफल की सफाई करने के लिए थाने ▶▶।शेष पेज 4 पर

**नक्सलियों का काला झंडा गायब**

## नक्सलगढ़ के 13 गांवों में पहली बार लहराया तिरंगा, फोर्स की मौजूदगी ने बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जगदलपुर

बस्तर संभाग के पांच जिलों के 13 नक्सल प्रभावित गांव शान से पहली बार ग्रामीण तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय पर्व में शामिल हुए। इससे पूर्व नक्सलियों के भय के चलते कभी इन गावों में राष्ट्रीय पर्व के दौरान तिरंगा नहीं फहरा करता था। तिरंगे की जगह नक्सली इन गावों में काला ▶▶।शेष पेज 4 पर



### नए पुलिस कैंप खुलने के बाद बैकफुट पर नक्सली

बस्तर संभाग के पांच जिले के 13 गांव में पहली बार पुलिस कैंप खुलने के बाद तिरंगा फहराया गया। फोर्स के पहुंचने के साथ ही इन इलाकों में विकास कार्य भी चल रहे है, जिससे ग्रामीणों का फोर्स के प्रति विश्वास बढ़ा है। ▶▶।शेष पेज 4 पर

**केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय करता है आयोजन**

70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स का ऐलान, विजेताओं को अक्टूबर में पुरस्कृत करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

# ‘कांतारा’ फेम ऋषभ बेस्ट एक्टर, नित्या बनीं बेस्ट एक्ट्रेस, शर्मिला टैगोर की ‘गुलमोहर’ ने मारी बाजी

एजेंसी ▶▶। मुंबई

नेशनल फिल्म अवॉर्ड देश के सबसे बड़े फिल्म पुरस्कार में से एक है जिसकी शुरुआत 1954 में हुई थी। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय इस समारोह को आयोजित करता है। इसके बाद राष्ट्रपति इन पुरस्कारों का वितरण करते हैं। वहीं आज सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। इस बार ऋषभ ▶▶।शेष पेज 4 पर




**कैटेगरी**

- बेस्ट तमिल फिल्म: पोन्नियिन सेल्वन 1
- बेस्ट कन्नड़ फिल्म: केजीफ चैप्टर 2
- बेस्ट तेलुगु फिल्म: कार्तिकेय 2
- बेस्ट मलयालम फिल्म: सऊदी वेल्लाक्का
- बेस्ट एक्टर-एक्ट्रेस
- बेस्ट एक्टर- ऋषभ शेट्टी, कंतारा
- बेस्ट एक्ट्रेस- तिरुचित्राबलम में नित्या मेनन और कच्छ एक्सप्रेस में मानसी पारेख
- बेस्ट बाल कलाकार: श्रीपथ, मलिकप्पुरम (मलयालम)

CC.225/2009







संस्थापक आचार्य : कृष्णकृपामूर्ति श्री श्रीमद् ए.सी. भक्तिवेदान्त स्वामी श्रील प्रभुपाद

एच.एच. भक्ति सिद्धार्थ स्वामी
मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन रायपुर

### श्री श्री राधारास बिहारी जी मंदिर

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

### 17-18-19 अगस्त

## 17 अगस्त 2024, शनिवार
## (प्रथम दिवस)









प. पू. भक्ति सिद्धार्थ महाराज
प्रवचन : संध्या 5.30 से 6.30 बजे तक

## विशेष आकर्षण

**श्री कृष्ण जन्म लीला, गौर निताई लीला, महारास, मयूर नृत्य, फूलों की होली**
भारतीय कला संस्थान, जयपुर
**(संध्या 6.30 बजे)**

**मंगल आरती** (सुबह 4.30 बजे)

**हवन** (सुबह 9 बजे से)

**प्रसादम्**
(प्रातः 10 से रात्रि 9.30 बजे तक)

आप सभी से विनम्र निवेदन है कि इस्कॉन के नये भव्य मंदिर प्रांगण में श्री श्री राधा रासबिहारी जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित समस्त पावन कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें।

## श्री श्री राधा रासबिहारी जी मंदिर, हरे कृष्ण धाम

आलोपी नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) मो. 9893116005, 7710838538, 9300146200, वेबसाइट : www.iskconraipur.org

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



आज से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, देशभर से ही नहीं जापान, कनाड़ा व अमेरिका से आ रहे श्रीराधारासबिहारी के अनुरागी



## इस्कान मंदिर पर सोने का कलश, 21 लाख का झूमर... निर्माण पर खर्च हुए 51 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चार एकड़ एरिया में करीब 51 करोड़ में निर्मित मध्य भारत के सबसे बड़े इस्कॉन मंदिर में वैसे तो देशभर से हजारों की तादाद में भक्तों का कारवां शुक्रवार से सोमवार तक होने वाले तीन दिवस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने वाला हैं। इसमें जापान ,कनाड़ा ही नहीं अमेरिका से भी तीन सौ से ज्यादा भक्तों का जत्था शामिल होगा। 14 साल में तैयार हुए इस मंदिर की भव्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मंदिर के गुंबद में ही करीब डेढ़ किलो सोने का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विदेशी भक्तों के लिए रेस्ट हाउस

महोत्सव में शामिल होने के लिए आने वाले तीन सौ से ज्यादा विदेशी भक्तों को आयोजकों ने मंदिर में ही 58 कमरें के रेस्ट हाउस और टाटीबंध के पास स्थित एक होटल को भी बुक किया है। जहां उनको रहने की सुविधा मिलेगी। नित्य प्रसादम का इंतजाम मंदिर परिसर में ▶▶ शेष पेज 4 पर

# छग में इस बार घट गई एमबीबीएस की 30 सीटें, 1880 सीटों पर ही होगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

देशभर में एमबीबीएस प्रवेश के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा देशभर के चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए एलओपी अर्थात लेटर ऑफ परमिशन जारी कर दिया गया है। जारी की गई सीट मैट्रिक्स के अनुसार, इस बार प्रदेश में मेडिकल सीटों में कटौती हुई है। बिलासपुर सिम्स को झटका लगा है। विभिन्न कारणों से यहां 30 सीटें कम की गई हैं। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा मेडिकल कॉलेज रायपुर और बिलासपुर पर जुर्माना लगाते हुए मांगी गई जानकारी तय वक्त पर ना देने के कारण नोटिस जारी किया गया था। इसमें कई कमियों का भी उल्लेख किया गया था। रायपुर मेडिकल कॉलेज की सीटों में कोई कटौती नहीं की गई है, जबकि बिलासपुर पर गाज गिरी है।

इसमें सभी राज्यों के मेडिकल संस्थानों के नाम और उन्हें शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए मान्यता प्राप्त सीटों का जिक्र किया गया है। इसके अनुसार छत्तीसगढ़ में 1880 सीटों पर प्रवेश वर्तमान सत्र में दिया जाएगा। गौरतलब है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट यूजी परीक्षा के परिणाम के आधार पर मेडिकल काउंसलिंग कमिटी द्वारा एमबीबीएस प्रवेश के लिए काउंसलिंग की जाती है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन एमसीसी की वेबसाइट ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कहां, कितनी सीटें**

| | | |
|---|---|---|
| चंदुलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज, दुर्ग | - | 200 |
| गवर्मेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, बिलासपुर | - | 150 |
| गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव | - | 125 |
| शासकीय मेडिकल कॉलेज, कांकेर | - | 125 |
| शासकीय मेडिकल कॉलेज, कोरबा | - | 125 |
| शासकीय मेडिकल कॉलेज, महासमुंद | - | 125 |
| शासकीय मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर | - | 125 |
| शासकीय मेडिकल कॉलेज, रायगढ़ | - | 100 |
| शासकीय मेडिकल कॉलेज, रायपुर | - | 230 |
| रिम्स, रायपुर | - | 150 |
| शासकीय मेडिकल कॉलेज, सरगुजा | - | 125 |
| बालाजी मेडिकल इंस्टिट्यूट | - | 150 |
| श्री शंकराचार्य मेडिकल इंस्टिट्यूट | - | 150 |

### देशभर में 680 मेडिकल इंस्टिट्यूट, इनमें 1 लाख 6 हजार 434 सीट्स, लेटर ऑफ परमिशन जारी

- छग में शासकीय और निजी मिलाकर 13 मेडिकल इंस्टिट्यूट, बिलासपुर सिम्स को झटका, बच गया रायपुर मेडिकल कॉलेज



**चॉइस फिलिंग शुरू**

16 अगस्त से ही चॉइस फिलिंग शुरू हो गई है। यह 20 अगस्त को लॉक हो जाएगी और उसके बाद 24 अगस्त को पहले राउंड का सीट अलॉटमेंट जारी होगा। इसके बाद काउंसलिंग की शेष प्रक्रिया भी इसी तरह से जारी रहेगी। सरकारी और गैर सरकारी मिलाकर 680 मेडिकल इंस्टिट्यूट में 1 लाख 6 हजार 434 सीटों में प्रवेश दिए जाएंगे। चॉइस फिलिंग और लॉकिंग 16 से 20 अगस्त तक होने के बाद सीट एलॉटमेंट प्रक्रिया 21 से 22 अगस्त तक होगी। दूसरे राउंड के लिए शेड्यूल सीट मैट्रिक्स 4 से 5 सितंबर के बीच जारी होगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

रेप-हत्या मामले में सीबीआई जांच तेज, इधर, तोड़फोड़ पर हाईकोर्ट सख्त

# देशभर के गुस्साए डॉक्टर आज करेंगे इलाज ठप, सीबीआई की हिरासत में पूर्व प्राचार्य

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप व हत्या के मामले में सीबीआई ने शक के आधार पर पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को हिरासत में लिया व दो इंटर्न डॉक्टर्स व स्टाफ के कर्मी से पूछताछ की। कोलकाता में मृतक ट्रेनी डॉक्टर के पीड़ित परिवार ने सीबीआई से अस्पताल के कुछ इंटर्न और डॉक्टर्स पर इस केस में शामिल होने का शक जताया है। ट्रेनी डॉक्टर के रेप व हत्या के मामले में आईएमए ने देशभर में आज डॉक्टरों की हड़ताल की घोषणा की है। इस दौरान इमरजेंसी के अलावा कोई दूसरी सर्जरी नहीं की जाएंगी। आईएमए ने कहा- 17 अगस्त को सुबह 6 बजे से 18 अगस्त को सुबह 6 बजे तक 24 घंटे के लिए देशभर के डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे।

सीबीआई ने कहा कि आरजी कर कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को हिरासत में लिया है। उनसे भी पूछताछ होगी। आज दो पीजी ट्रेनी डॉक्टर और एक हाउस स्टाफ को पूछताछ के लिए बुलाया। घटना वाली रात ये लोग पीड़ित डॉक्टर के साथ ड्यूटी पर थे। साथ ही एजेंसी गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय को घटना का सीन रिक्रिएट करने के लिए आरजी कर अस्पताल लेकर पहुंची।

**कोलकाता कांड**

*ममता बनर्जी ने निकाला पैदल शांति मार्च आईएमए ने किया देशव्यापी हड़ताल का ऐलान*






**बीजेपी बोली-**

### महिलाओं पर टीएमसी राज में अत्याचार बढ़े

बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में तृणमूल सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा- आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जो कुछ हो रहा है। हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं। यहां अस्पताल में रात को प्रदर्शन के दौरान कुछ गुंडे भीड़ में शामिल होकर तोड़फोड़ कर रहे थे। हाईकोर्ट के सीबीआई द्वारा जांच के आदेश के बाद भी हिंसा होना सबूत मिटाने की एक साजिश हो सकती है।

**ममता का पैदल मार्च भाजपा का विरोध**

उधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राजधानी कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के खिलाफ टीएमसी नेताओं के साथ शाम 4 बजे पैदल मार्च निकाला। उन्होंने सीबीआई जांच में सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग और पीड़िता को इंसाफ दिलाने की मांग की। दूसरी ओर, बीजेपी ने पूरे पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

### केंद्र का आदेश, 6 घंटे के भीतर होगी एफआईआर

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी आज नया आदेश जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल संस्थानों को हेल्थकेयर वर्कर पर हमले के 6 घंटे के अंदर ही एफआईआर दर्ज करानी होगी। मंत्रालय का ये फैसला मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले और 14 अगस्त को इसी कॉलेज में हुई हिंसा को लेकर आया।

### अस्पताल में तोड़फोड़ पर हाईकोर्ट की फटकार

बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात हुई तोड़फोड़ पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई। हाईकोर्ट ने ममता बनर्जी सरकार को चेताया कि अगर राज्य पुलिस हॉस्पिटल को सुरक्षा नहीं कर सकती, तो मेडिकल सर्विसेस को बंद करने का आदेश देंगे। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने सीबीआई को पूर्व नियोजित तोड़फोड़ पर अंतरिम रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया है। आमतौर पर पुलिस की खुफिया शाखा होती है। तो कैसे मान लें कि पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

### राज्य सरकार की दलीलें की खारिज

बंगाल सरकार ने जवाब दिया- कोई अनुमति नहीं दी गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे स्वीकार नहीं किया। कहा कि उस समय धारा 144 लागू थी। आपको उस क्षेत्र को बंद कर देना चाहिए था। अदालत ने राज्य सरकार की दलीलें खारिज करते हुए कहा, यह राज्य मशीनरी की पूर्ण विफलता है... तो वे (पुलिस) अपने ही लोगों की रक्षा नहीं कर सके?

**नेपाल में आपदा**

## एवरेस्ट से आई प्रलय गांव के घर कीचड़ में दबे



एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के प्रसिद्ध शेरपा गांव में केरल के वायनाड जैसी बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। थमे में भयानक बारिश होने के कारण एवरेस्ट पहाड़ की तरफ अचानक से फ्लैश फ्लड आया। इस गांव के आधे से ज्यादा घर कीचड़ में दब गए हैं। पानी का तेज बहाव है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो आ रहे हैं, वो बेहद भयानक और डरावने हैं। तीन घर और होटल बर्बाद हो चुके हैं। पांच छह इमारतें और खतरे में हैं।

सोलुखुंभू के डीएसएपी द्वारिका प्रसाद घिमिरे ने कहा है कि राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। माना जा रहा है कि ये किसी ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड की वजह से हुआ है जिससे एक झील टूट गई है। काठमांडू पोस्ट कलेक्टर देवी पांडे ने कहा कि अभी झील के टूटने की पुष्टि नहीं हुई है।

### थमे नदी में बहाव बढ़ने से आपदा

यह आपदा थमे नदी के बहाव के बढ़ने से हुआ है। नदी का बहाव ग्लोफ की वजह से बढ़ा है। इसकी वजह थमे नदी की दूसरी शाखा दूधकोशी नदी में भी बाढ़ आ गई है। प्रशासन ने लोगों को निचले इलाकों से भागकर ऊपर की ओर जाने के लिए कहा है। नेपाल की मीडिया के मुताबिक थेंगबो ग्लेशियर पर आउटबर्स्ट हुआ है।

### थेंगबो ग्लेशियर में झील टूटने की खबर

थेंगबो ग्लेशियर पर कोई झील बनी थी, जिसके टूटने से थमे गांव में ये आपदा आई है। थमे गांव का आधा हिस्सा पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। ये थेंगबो झील ताशी लापचा पास के नजदीक है। जिसकी वजह से भयानक बाढ़ आई। भूस्खलन हुआ। इसी गांव में विश्व प्रसिद्ध माउंटेनियर शेरपा तेनजिंग नॉर्गे पैदा हुए थे।

**खबर संक्षेप**

### शाजापुर में तीन ट्रक भिड़े दो की मौत, तीन घायल



**शाजापुर।** मध्यप्रदेश के शाजापुर शहर में शुक्रवार को मुंबई-आगरा राजमार्ग पर एक जानवर से टकराने के बाद तीन ट्रक के आपस में टकराने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब चार बजे मुंबई-आगरा राजमार्ग पर बाईपास के पास हुई। घायलों की हालत ठीक है।

### ओडिशा के पारादीप तट पर मिस्र का पोत जब्त



**पारादीप।** ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर खड़े मिस्र के एक जहाज को उड़ीसा उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 'जब्त' कर लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह जहाज छह अगस्त को पारादीप बंदरगाह पर पहुंचा था और कम गंधक वाले समुद्री ईंधन के परिवहन से संबंधित एक जर्मन कंपनी का 3.96 करोड़ रुपये का बकाया है।

### सट्टेबाजी में 400 करोड़ की धोखाधड़ी, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के जरिये 400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जेंसी के मुताबिक, चीनी नागरिक ये ऐप कथित तौर पर कुछ भारतीयों के साथ मिलकर चला रहे थे। एजेंसी ने अरुण साहू, आलोक साहू, चेतन प्रकाश और जोसेफ स्टालिन को गिरफ्तार किया है।

### 'अग्नि मिसाइल के जनक' आरएन अग्रवाल का निधन



**हैदराबाद।** देश में 'अग्नि मिसाइल के जनक' माने जाने वाले आरएन अग्रवाल का यहां निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। पद्म भूषण से सम्मानित अग्रवाल ने अग्नि कार्यक्रम के निदेशक और हैदराबाद में एएसएल के निदेशक के रूप में भी सेवाएं दी थीं। सूत्रों ने बताया कि भारत के 'मिसाइल मैन' और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने आईजीएमडीपी शुरू किया था।

## स्वतंत्रता दिवस पर सीएम साय ने की घोषणा- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए खोलेंगे 29 नए कैंप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर प्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन हम अपने उन जवानों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जो हमारे प्रदेश में लोकतंत्र विरोधी, नक्सलवादी आतंक से पूरे साहस और जज्बे के साथ मुकाबला कर रहे हैं। बीते आठ महीनों में हमारे जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए 146 नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान हमने 32 नए सुरक्षा कैंप खोले हैं और आने वाले दिनों में 29 नए कैंप शुरू करने जा रहे हैं। आज कई वर्षों बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

### स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले सेनानियों की याद के साथ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटलजी के जन्मदिन 'सुशासन दिवस' के अवसर पर हमने राज्य के 13 लाख किसानों के बैंक खाते में 3716 करोड़ रुपए का बकाया धान बोनस अंतरित किया। भूमिहीन किसानों को हमने पं. दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपए वार्षिक सहायता ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 47 हजार 90 आवासहीनों को देंगे मकान

मुख्यमंत्री ने कहा, जब हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना लेकर आए तो प्रदेश के लाखों परिवारों को उम्मीदें जागी, लेकिन पिछले 5 सालों में प्रदेश के 18 लाख जरूरतमंद परिवारों के आवास का सपना पूरा नहीं हो सका। हमने संकल्प लिया कि हम इन 18 लाख परिवारों की पीड़ा दूर करेंगे। शपथ लेने के अगले दिन ही हमारी सरकार ने इनके आवास के सपने को पूरा करने की राह खोल दी। साथ ही सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में चिन्हांकित 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को आवास स्वीकृत करने का निर्णय भी हमने 'मुख्यमंत्री आवास योजना' के तहत लिया है।

## एसबीआई ने ग्राहकों को दिया झटका आज से महंगी हो गई लोन की ईएमआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक ने सभी अवधियों के लिए 'मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट' में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जिससे अधिकतर उपभोक्ता ऋण महंगे हो गए हैं। बैंक ने लगातार तीसरी बार ब्याज दर में वृद्धि की है। नई दरें 15 अगस्त 2024 से लागू हो गईं। कुछ दिन पहले ही भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में ब्याज दर यथावत रखी थी।

- एसबीआई ने बढ़ाई 0.1 प्रश. ब्याज दर, लोन हुए महंगे




### कितने प्रतिशत बढ़ी ब्याज दर

| | |
|---|---|
| ओवरनाइट: | 8.10% से बढ़कर 8.20% |
| एक महीना: | 8.35% से बढ़कर 8.45% हो गया |
| तीन महीने: | 8.40% से बढ़कर 8.50% |
| छह महीने: | 8.75% से बढ़कर 8.85% |
| एक साल: | 8.85% से बढ़कर 8.95% |
| दो साल: | 8.95% से बढ़कर 9.05% |
| तीन साल: | 9.00% से बढ़कर 9.10% |

### ग्राहकों पर क्या असर पड़ेगा?

एसबीआई से पहले कैनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक भी अपने एमसीएलआर दरों में बदलाव कर चुके हैं। इनकी दरें भी इसी महीने से लागू हो चुकी हैं। दरअसल, एमसीएलआर वह मिनिमम दर होती है, जिसके नीचे कोई भी बैंक ग्राहकों को लोन नहीं दे सकता। एमसीएलआर जितना बढ़ता है लोन पर ब्याज भी उतना बढ़ जाता है।

**6 साल पुराने मुकदमे में आया कोर्ट का फैसला**

## आईएएस की जान लेने की कोशिश आरोपियों को दस साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

एक आईएएस अधिकारी को खदान में निरीक्षण के दौरान जेसीबी मशीन से कुचलने की कोशिश करने वाले चार अभियुक्तों को जिला एवं सत्र न्यायालय ने दस साल कारावास की सजा सुनाई है। चारों पर रायगढ़ में तैनात रहे एक आईएएस अधिकारी मयंक चतुर्वेदी को कुचलने की कोशिश का आरोप है। कोर्ट ने दोषियों कन्हैया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### साल 2019 का है मामला

यह पूरा मामला साल 2019 का है। यहां मयंक चतुर्वेदी उस दौरान सहायक कलेक्टर के पद पर तैनात थे। 12 अप्रैल 2019 को मयंक चतुर्वेदी को अवैध पत्थर और डोलोमाइट के खनन की सूचना मिली। इस सूचना पर सहायक कलेक्टर ने एसएस नाग और तीन खनन निरीक्षकों के साथ टिमरलगा खनन क्षेत्र का दौरा किया। उस दौरान एक जेसीबी मशीन के चालक ने मयंक चतुर्वेदी की कार पर अर्थमूवर चढ़ा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**महिला से बलात्कार के मामले में प्रधान पाठक को जेल भेजा गया**

## छात्राओं से अश्लील हरकत, महिला से गैंगरेप, दो हेडमास्टर और एक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले में शिक्षकों के दिन शायद कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं। दो दिन पहले रेलवे स्कूल के एक शिक्षक को छात्र से मारपीट के मामले में सस्पेंड किया गया, तो अब मस्तूरी के अकोला प्राथमिक स्कूल में प्रधान पाठक अखिलेश चंदेल को सस्पेंड कर दिया गया है। दरअसल यह शिक्षक गैंगरेप के आरोप में गिरफ्तार होकर जेल में बंद है। इसके साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला लमेर में पदस्थ प्रधान पाठक जय सिंह और शिक्षक रामनारायण दुबे को छात्राओं के साथ अश्लील हरकत के मामले में सस्पेंड कर दिया गया है। दूसरी ओर दो मुहानी शासकीय स्कूल में पदस्थ प्रवीण तरूण को बचाने के लिए वहां की शाला समिति के साथ ही कुछ अभिभावकों ने कलेक्टर और प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की है। इस शिक्षक के खिलाफ कुछ लोगों ने शिकायत शिक्षा विभाग में की थी। इसमें बच्चों से मारपीट, अनुशासनहीनता के आरोप लगाए गए थे।

*दोमुहानी स्कूल में पदस्थ शिक्षक के खिलाफ शिकायत गलत पाई गई*

दरअसल मस्तूरी थाना क्षेत्र के रिस्दा में गैंगरेप का मामला कुछ दिन पहले सामने आया था। घटना के अनुसार रिस्दा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शिक्षक के खिलाफ शिकायत फर्जी पाई गई

एक अन्य मामले में दो मुहानी स्कूल में पदस्थ शिक्षक प्रवीण कुमार तरुण के खिलाफ जिला शिक्षा विभाग में एक फर्जी शिकायत का मामला सामने आया है। कुछ लोगों ने अभिभावक बनकर शिकायत कर दी कि शिक्षक स्कूल के स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार, मारपीट करता है और क्लास नहीं लेता है। शिकायत पत्र में शिक्षक को स्कूल से हटाने की मांग की गई थी। जांच के लिए शिक्षा विभाग से टीम स्कूल पहुंची तो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हेडमास्टर ने दो महीने तक दबाकर रखा मामला

तखतपुर क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक शाला लमेर में पदस्थ प्रधान पाठक जय सिंह और शिक्षक रामनारायण दुबे को छात्राओं के साथ अश्लील हरकत के मामले में सस्पेंड कर दिया गया है। दरअसल छात्राओं ने दो महीने पहले ही प्रधानपाठक से शिकायत की थी कि शिक्षक रामनारायण दुबे अक्सर अश्लील करने के साथ ही क्लास में प्रताड़ित करते हैं। प्रधानपाठक ने इस मामले में ध्यान नहीं दिया। शुक्रवार को तखतपुर बीईओ जितेन्द्र शुक्ला, गनियारी तहसीलदार श्रध्दा सिंह ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## चिंतन

# लाल किले से विकसित भारत का एक्शन प्लान

लाल किले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए भारत की आकांक्षाओं को आवाम के सामने रखा, जिसमें उन्होंने विकसित भारत की थीम के तहत कहा कि, पिछले दस साल में देश में बहुत कुछ बदले हैं, वर्तमान में बहुत कुछ बदल रहे हैं और अगले पांच साल में बहुत कुछ बदलने वाले हैं। बेकार कानून खत्म हुए, अनेक शासनिक, प्रशासनिक व आर्थिक सुधार हुए, न्याय संहिता आई। वर्ष 2014 में पीएम बनने के बाद पहली बार लाल किला से राष्ट्र को संबोधन से लेकर इस बार मोदी ने 11वीं बार संबोधित किया, पंडित नेहरू के बाद यह रिकार्ड है। अब तक के सबसे लंबे संबोधन (103 मिनट) में पीएम ने नकारात्मक व देशविरोधी राजनीति, राजनीति में परिवारवाद, दीमक की तरह व्याप्त भ्रष्टाचार, समान नागरिक संहिता (सेक्युलर सिविल कोड), एक राष्ट्र एक चुनाव, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के हालात, बुनियादी ढांचे के विकास, कोलकाता रेप-मर्डर केस, सामान्य मानविकी की समस्याओं के निदान, निवेश आदि विषयों पर फोकस किया। अपनी सरकार की नीतियों पर बात करते हुए पीएम ने विकसित भारत लक्ष्य, नई शिक्षा नीति, आत्मनिर्भर भारत, न्याय संहिता, बैंकिंग सेक्टर व कृषि क्षेत्र में सुधार की बात कही। भाषण के दौरान मोदी ने एक खास बात कही कि 'कुछ लोग देश को निराशा के गर्त में डुबोना चाहते हैं, लेकिन हमें उनसे सावधान रहना होगा। उनका इशारा हाल में कांग्रेस व राहुल गांधी के बयानों की ओर था, जो अपनी राजनीति के लिए लक्षित झूठ के जरिये भ्रम की स्थिति पैदा करते रहते हैं। देश माई-बाप कल्चर से कुछ हद तक मुक्त हुआ है, गवर्नेंस मॉडल बदला है, लेकिन प्रो-पीपल व पीपल ओरिएंटेड प्रशासनिक सुधार अब भी अपेक्षित है। पीएम ने कहा, 'देश में 75 सालों से कम्युनल सिविल कोड है। अब देश को सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत है।' इससे साफ है कि मोदी सरकार अब समान नागरिक संहिता लागू करने की तरफ बढ़ेगी। भाजपा के कोर वादे अनुच्छेद 370 हटाना, राम मंदिर, तीन तलाक का खात्मा आदि पूरे हो गए, केवल यूनिफॉर्म सिविल कोड ही बाकी है। सरकार इस कार्यकाल में एक देश एक चुनाव की पृष्ठभूमि भी तैयार करेगी। पीएम को जनगणना और परिसीमन पर भी सरकार की दृष्टि स्पष्ट करनी चाहिए थी। वर्ष 2026 तक परिसीमन होना है, इसके बाद लोकसभा व विधानसभा का गणित बदल जाएगा। लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण लागू करने का विषय भी परिसीमन पर ही अटका हुआ है। राष्ट्रीय जनगणना 2021 में नहीं हुई, इसके लिए 2031 तक इंतजार नहीं करना चाहिए, सरकार को जल्द जनगणना करा लेनी चाहिए, इससे जाति गणना का हौवा भी खत्म होगा और सब्सिडी व गरीबी उन्मूलन योजना में लक्ष्य आधारित सुधार करना आसान होगा। पीएम ने विकसित भारत के लिए दस से अधिक सुझाव भी दिए हैं। इनमें देश को स्किल कैपिटल बनाने, मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने, यूनिवर्सिटी हब, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने, मोटे अनाज को विश्व के हर क्षेत्र में पहुंचाने, न्याय व्यवस्था में सुधार, भारत का अपना स्पेस स्टेशन बनाने, पारंपरिक औषधि को विकसित करने, शासन-प्रशासन में कैपिसिटी बिल्डिंग करने और भारत को तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनाने आदि शामिल हैं। सरकार राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन पर पहले से ही काम कर रही है, सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भी व्यापक कदम बढ़ा रही है। समूचे संबोधन में विकसित भारत का खाका है, उसका एक्शन प्लान है, अब असल जरूरत इन पर अमल करने की है। राजग सरकार इन पर कितना अमल करती है, इस पर लक्ष्य निर्भर करेगा।



विचार

डॉ.संजय शुक्ला

# डॉक्टरों की जान कौन बचाएगा?

भारत में चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हिंसक घटनाएं लगातार बढ़ रही है। बीते 9 अगस्त को कोलकाता के आर.जी.कर मेडिकल कॉलेज में एक युवा पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर के साथ बलात्कार के बाद हत्या की घटना ने पूरे देश के चिकित्सक बिरादरी को उद्वेलित कर दिया है। इस बर्बरता पूर्ण घटना के विरोध में एलोपैथिक चिकित्सकों के देशव्यापी संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन 'आईएमए' ने 17 अगस्त को सुबह 6 बजे से चौबीस घंटे के लिए देशव्यापी काम ठप्प करने का ऐलान किया है। इस दौरान अस्पतालों में आपातकालीन सेवा के अलावा अन्य सेवाएं बंद रहेंगी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति अत्यंत खराब है जिसके चपेट में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कार्यरत पेशेवर आ रहे हैं। साल 2019 में भी पश्चिम बंगाल में भीड़ ने एक जूनियर डॉक्टर पर हमला किया था जिसके बाद डॉक्टरों ने सामूहिक त्यागपत्र दे दिया था। अलबत्ता कोलकाता की इस घटना में सत्तारूढ़ दल के लोगों की संलिप्तता और पुलिस जांच में सबूतों के साथ छेड़छाड़ के आरोप के बाद कोलकाता हाईकोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। दूसरी ओर पंद्रह अगस्त को भारी भीड़ ने पीड़िता जहां कार्यरत थी उस अस्पताल में हमला कर काफी तोड़-फोड़ करते हुए जूनियर डॉक्टर्स के साथ भी हाथापाई की है। भीड़ द्वारा किए गए इस हमले में अस्पताल के उस हिस्से में काफी नुकसान हुआ है जहां युवा डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या हुई थी मतलब साफ है कि यह करतूत सबूत मिटाने के लिए किया गया है। आश्चर्यजनक तौर पर पश्चिम बंगाल पुलिस इस दौरान तमाशबीन बनी रही।

बहरहाल भारत में किसी मरीज की मौत के लिए डॉक्टर को जिम्मेदार ठहराने, उस पर हमला करने और उसके अस्पताल में तोड़फोड़ की खबरें आम है। बीते साल 2023 में केरल के एक अस्पताल में कथित तौर पर नशे में धुत एक मरीज ने युवा सर्जन डॉ. वंदना दास की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। केरल में ही भीड़ ने एक अस्पताल में मरीज की मौत के बाद एक कॉर्डियोलॉजिस्ट पर हमला कर दिया जबकि वह मरीज के उपचार में शामिल ही नहीं था। आईएमए के केरल ईकाई के अध्यक्ष के मुताबिक केरल में हर महीने डॉक्टरों पर हमले के पांच मामले दर्ज होते हैं। देश के डॉक्टर कितने दबाव में काम कर रहे हैं इसका अंदाजा बीते सालों के दौरान भीड़ द्वारा डॉक्टरों के अस्पतालों और खुद उन पर हो रहे हमलों से पता चल रहा है। विडंबना यह कि पुलिस भी राजनीतिक या भीड़ के दबाव में आकर डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज कर रही है फलस्वरूप उनमें असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। गौरतलब है कि राजस्थान के दौसा जिले के लालसोट शहर में एक गर्भवती महिला की मौत के बाद डॉक्टर पर दर्ज हत्या के प्रकरण और मृतक मरीज के परिजनों से व्यथित डॉ.अर्चना शर्मा द्वारा खुदकुशी की घटना ने समूचे चिकित्सक बिरादरी को स्तब्ध कर दिया था। बहरहाल अस्पतालों, डॉक्टरों और हेल्थ वर्करों के ऊपर हो रहे हमलों और तोड़फोड़ के बाद चिकित्सा संगठनों के बीच एक बार फिर से बहस छिड़ी हुई है कि सरकार के तमाम दावों और कानूनों के बावजूद वे कितना सुरक्षित हैं? विशेषज्ञों के अनुसार कानून में डाक्टरों को कुछ संरक्षण तो है लेकिन यह उन्हें पेशेवर निश्चिंतता नहीं देता फलस्वरूप डॉक्टर अपने पेशे में भयमुक्त नहीं हैं। कानूनी तौर पर डाक्टरों के खिलाफ आपराधिक और दीवानी दोनों तरह के मामले दर्ज हो सकते हैं लेकिन उपचार के दौरान मौत पर आमतौर पर इलाज में लापरवाही यानि धारा 304 ए के तहत मामला कायम होता है लेकिन कई मामलों में पुलिस दबाववश डॉक्टरों के खिलाफ पुलिस ने हत्या यानि धारा 302 का मामला कायम करती है। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2005 में यह फैसला दिया था कि चिकित्सक के खिलाफ इलाज में लापरवाही के मामले में आपराधिक मुकदमा दर्ज करने के पहले विवेचना अधिकारी को संबंधित मामले में विशेषज्ञों के मेडिकल बोर्ड की राय को प्राथमिकता देनी चाहिए आखिरकार मामला लापरवाही का है अथवा नहीं। इस फैसले के मुताबिक मेडिकल बोर्ड के रिपोर्ट के आधार पर ही चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी तब तक डॉक्टर को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने साल 2020 में देश में कोरोना जांच के दौरान कोरोना वॉरियर्स पर हुए हमले के बाद 123 साल पुराने 'महामारी अधिनियम 1897' में बदलाव करते हुए एक कानून लागू किया था। इस संशोधित महामारी अधिनियम में डॉक्टरों और अन्य हेल्थ वर्कर्स पर हमला करने या दुर्व्यवहार करने वालों पर अधिकतम सात साल की सजा और पांच लाख रुपए तक का जुर्माना का प्रावधान है। चिकित्सा संगठनों से जुड़े लोगों के मुताबिक यह कानून महामारी के बाद लगभग शून्य हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा साल 2022 में लोकसभा में 'हेल्थ केयर प्रोफेशनल और क्लिनिकल प्रतिष्ठानों के खिलाफ हिंसा की रोकथाम विधेयक - 2022' पेश किया गया है जो अभी पारित नहीं हुआ है। इस कानून में अस्पतालों, डॉक्टरों, नर्सेज और अन्य हेल्थ वर्करों को हिंसा से सुरक्षा प्रदान करना है। प्रस्तावित कानून में अस्पतालों या हेल्थ प्रोफेशनल्स के साथ होने वाले हिंसा को संज्ञेय अपराध मानते हुए हमला, दुर्व्यवहार और हिंसा करने वालों के खिलाफ बिना वारंट गिरफ्तारी का प्रावधान है। मामले में दोषी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को 6 महीने से लेकर 7 साल का कारावास एवं 1 लाख से 5 लाख जुर्माने का प्रावधान है। अस्पताल में हमला और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ कारावास के साथ ही संपत्ति नुकसान का बाजार मूल्य से दोगुना वसूली करने की भी व्यवस्था इस कानून में है। कोलकाता सहित अन्य शहरों में डॉक्टरों पर हो रहे हमलों के परिप्रेक्ष्य में देश भर के चिकित्सक और उनके संगठन इस कानून को तुरंत लागू




करने की मांग सरकार से कर रहे हैं। अलबत्ता देखना यह है कि सरकार डॉक्टरों के फरियाद पर कब संजीदा होती है? हालांकि वर्तमान में देश के 19 राज्यों में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून लागू है। आंध्रप्रदेश पहला राज्य है जहां 2007 में स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के लिए कानून बनाया था जिसमें इस पेशे से जुड़े डॉक्टरों और अन्य कर्मियों के साथ हिंसा को गैर जमानती अपराध मानते हुए दोषी व्यक्तियों के खिलाफ जुर्माना और कारावास दोनों का प्रावधान है। विडंबना है कि इन कानूनी प्रावधानों के बावजूद मेडिकल स्टाफ के साथ हिंसा नहीं थम रही है तथा असमाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। देश में चिकित्सा बिरादरी पर हो रहे हमले के कारण डॉक्टर जहां दबाव में काम कर रहे हैं वहीं डॉक्टर और मरीज के बीच परस्पर विश्वास भी घट रहा है जो चिकित्सा जैसे मुकद्दस पेशे के लिए अहम है। डॉक्टर मरीजों के दर्द और मर्ज दोनों को ठीक करने का हरसंभव कोशिश करता है लेकिन यदि मरीज का भरोसा नहीं हो तो डॉक्टर की हर कोशिश नाकाम हो जाती है। डॉक्टर को 'गॉड ऑफ अर्थ' यानि धरती का भगवान कहा जाता है। एक डॉक्टर के जिंदगी में ऐसे क्षण बार-बार आते हैं जब कोई मरीज आखरी सांस की डोर थामे जिंदगी के लिए निर्णायक जद्दोजहद कर रहा हो, यह संघर्ष एकतरफा मरीज की ही नहीं बल्कि खुद डॉक्टर के लिए भी होती है। मरीज के जीवन और मौत के बीच जारी जंग में सांसों की हार पर सबसे ज्यादा दुखी और निराश डॉक्टर ही होता है। आमतौर पर हर डॉक्टर अपने पेशे के प्रति हमेशा संजीदा रहता है तथा वह हरसंभव समाज को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए संकल्पित भी रहता है। एक डॉक्टर अपने व्यवसायिक जीवन में सैकड़ों लोगों को मौत की मुंह से बाहर निकालता है हजारों को बीमारी से मुक्त करता है ऐसे में किसी अनहोनी के लिए डॉक्टर को कठघरे में खड़ा करना कितना उचित है? क्या मरीज के परिजनों या भीड़ ने कभी इस पर गौर किया? विडंबना है कि डाक्टरों के साथ हिंसा और दुर्व्यवहार के मामले कोरोना महामारी के दौरान भी बढ़े जब देशवासियों ने हेल्थकेयर वर्कर्स को सम्मान देने और उनका उत्साहवर्धन के लिए घंटी, थाली और ताली बजाई थी हेलीकॉप्टर से उनके उपर फूल बरसाए थे। महामारी के टेस्टिंग और उपचार के दौरान हिंसा और दुर्व्यवहार की लगातार घटनाएं हुई जो उनके लिए बेहद निराशाजनक था। समाज के एक हिस्से के चिकित्सा बिरादरी के अपमानजनक व्यवहार के बावजूद डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ मरीजों के जिंदगी की डोर थामने दिन-रात जुटे रहे। कोरोना के खिलाफ जंग के दौरान अनेक डॉक्टर और हेल्थ वर्कर्स भी गंभीर रूप से संक्रमित हुए हैं और उनकी मौतें हुई है। महामारी के दौरान 1500 डॉक्टरों की मौत हुई थी। एक शोध के मुताबिक दुनिया भर में कोरोना जांच और उपचार के दौरान डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के साथ सर्वाधिक 68 फीसदी हिंसा भारत में हुए थे।

विचारणीय है कि डॉक्टरों पर हो रहे हमलों से चिकित्सक समुदाय तनाव में है तथा अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं जिसका प्रभाव उनके कार्यक्षमता और दक्षता में दृष्टिगोचर हो रहा है। कुछ सालों पहले आईएमए द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के मुताबिक 75 फीसदी डॉक्टर अपने कार्यस्थल में किसी न किसी हिंसा का शिकार होते हैं जो अधिकतर मरीजों के परिजनों द्वारा अंजाम दिया जाता है।देश के 87.7 फीसदी डॉक्टर्स ने अपने पेशे में तनाव की बात कही थी जिसमें 46.3 फीसदी डॉक्टरों का मानना था कि हिंसा उनके तनाव का मुख्य कारण है। इस शोध में 62.8 फीसदी डॉक्टर्स ने बताया था कि वे हिंसा और भय के बीच मरीज देखते हैं।बहरहाल डॉक्टरों के साथ हिंसा हर हाल में अस्वीकार्य है लेकिन हिंसा के पीछे के कारणों पर डॉक्टरों और समाज दोनों को सोचना होगा।निः संदेह समाज में नैतिक मूल्यों के क्षरण का असर चिकित्सा जैसे पवित्र पेशे पर भी हुआ है तथा कुछ चिकित्सकों ने इस मुकद्दस पेशे के बुनियादी आदर्शों के खिलाफ आचरण किया है लेकिन इसके लिए समूचे चिकित्सा बिरादरी को कठघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता है। बहरहाल आम जनता और समाज से अपेक्षा है कि वह चिकित्सकों और उनके सहकर्मियों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए आखिरकार भले ही ईश्वर हमें जीवन देता है लेकिन गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं में जीवनदान तो डॉक्टर ही देता है। सरकार का भी दायित्व है कि वह अस्पतालों, डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य सेवा में जुटे कर्मियों के जान-माल की सुरक्षा हेतु सख्त कानून लागू करे ताकि चिकित्सा जैसे पवित्र कार्य में जुटे लोग निर्भय होकर अपना कर्तव्य निर्वहन कर सकें।

पीएम संबोधन

डॉ. मोनिका शर्मा



# महिलाओं के लिए देश में बने भयमुक्त परिवेश

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद बर्बर हत्या के मामले में अभी वीभत्स खुलासे हो ही रहे हैं कि बिहार के मुजफ्फरपुर में भी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और क्रूरता करने की घटना सामने आई है। मुजफ्फरपुर की घटना में भी 14 वर्षीय छात्रा के अर्धनग्न अवस्था में मिले शव पर गंभीर घाव मिले हैं।धारदार हथियार से कई जगह काटकर बच्ची को शारीरिक प्रताड़ना देने वाली दुष्कर्म की यह घटना भी दिल दहलाने वाली है। ज्ञात हो कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ भी दुष्कर्म और हद दर्जे की बेरहमी की गई थी। इस दर्दनाक वारदात में भी अर्धनग्न शरीर पर चोटों के कई निशान थे। वहीं झांसी में स्वतन्त्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ भी दुष्कर्म की घटना सामने आई है।

बेटियों के साथ किए गए वीभत्स और क्रूरतम व्यवहार के मामले समग्र समाज को भयभीत करने वाले हैं। महिलाओं के प्रति मौजूद बर्बरता की भयावह सोच लिए आए दिन देश के कोने-कोने से सामने आतीं ऐसी घटनाएं बताती हैं कि अब बात केवल चर्चा और चिंता करने तक सीमित नहीं रखी जा सकती। ऐसे मामलों में कठोर दंड और त्वरित कार्रवाई के जरिये आपराधिक मानसिकता के लोगों के मन में भय पैदा करना भी आवश्यक हो चला है। ध्यातव्य है कि 78वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी इस बर्बरता पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि ' मैं आज लाल किले से एक बार फिर अपनी पीड़ा व्यक्त करना चाहता हूं। एक समाज के तौर पर हमें महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। देश में इसके खिलाफ आक्रोश है। मैं इस आक्रोश को महसूस कर सकता हूं।

देश, समाज और राज्य सरकारों को इसे गंभीरता से लेना होगा। महिलाओं के खिलाफ अपराधों की त्वरित जांच हो, इन राक्षसी कृत्यों को अंजाम देने वालों को जल्द से जल्द सख्त सजा मिले। समाज में विश्वास जगाने के लिए राक्षसी प्रवृत्ति वाले व्यक्ति को दंडित किया जाना और सजा पाने वालों पर व्यापक चर्चा करना आवश्यक है। देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से महिलाओं पर होने वाले अत्याचार का मुद्दा समाज के हर वर्ग के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। ये स्थितियां आमजन को एक विवशता के घेरे में भी ला रही हैं। जांच हो या कार्रवाई, इनसे जुड़ी संस्थाओं की निष्पक्षता से विश्वास घट रहा है। हर दिन कोई नई घटना और अपराधियों के लिए कानूनी कार्रवाई के नाम पर बरसों का इंतज़ार। कहना गलत नहीं होगा कि ऐसी स्थितियां ही आपराधिक मानसिकता वाले लोगों का दुस्साहस बढ़ाती हैं।

इन्हीं पीड़ादायी स्थितियों को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि 'देश में महिलाओं के साथ बर्बरता और अत्याचार हो रहे हैं। राज्य सरकारों से, शासन-प्रशासन से अपील करता हूं कि वो ऐसे उदाहरण पेश करें कि कोई किसी महिला के साथ ऐसा करने की हिमाकत नहीं कर सके। राक्षसी कृत्य करने वालों को जल्द से जल्द कड़ी सजा हो। बलात्कार जैसा पाप करने वाले को फांसी की सजा हो ताकि कोई ऐसा करने की सोचे तो उसे पता हो कि जीवन से हाथ धोना होगा।' चिंतनीय है कि समस्या अपराधियों को सबक ना मिलने की ही है। बरसों-बरस चलने वाली कानूनी कार्रवाई परिजनों का हौसला तोड़ देती है। अपराधियों की हिमाकत बढ़ाती है। नतीजतन बलात्कार महिलाओं के खिलाफ चौथा सबसे आम अपराध है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार हालिया वर्षों में दुष्कर्म के मामलों में 13.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 के आंकड़े कहते हैं कि देश में एक दिन में औसतन 87 रेप की घटनाएं होती हैं। प्रतिवर्ष महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के आंकड़े बढ़ ही रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी देश की छवि बिगड़ रही है । यह कटु सच है कि हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहे भारत में आज शिक्षित-अशिक्षित, ग्रामीण-शहरी, बालिग-नाबालिग हर जगह और हर आयुवर्ग की महिलाएं डर के माहौल में जी रही हैं। लचर रवैये और आरोप- प्रत्यारोप के बजाय त्वरित कार्रवाई से ही इन हालातों को बदला जा सकता है। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को मिली सख्त सजा ही समाज में भी भरोसे का भाव जगा पाएगी।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित

दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

# मंजिल तक कैसे पहुँचा जाए



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई।

एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गौरवमय भारतीय संस्कृति

भारतीय संस्कृति पर पहले से ही आक्रमण होते आए हैं, फिर भी उस चीज का कायम रहना अध्यात्म शास्त्र की तरफ ध्यान आकर्षित करता है। भारत आध्यात्मिक भूमि होने के कारण यहां की संस्कृति को नष्ट करने के लिए आगे बढ़ी ताकतें खुद ही नष्ट हो गईं। पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति को महत्त्व मिलने पर भी सिर्फ मौज-मस्ती करने के लिए हमें हमारी संस्कृति पर आक्रमण करने वाले विदेशी रिवाजों की क्या जरूरत है? उसका समर्थन करने में समय बर्बाद करना हमारी वैचारिक कमजोरी है। विदेशों की तरह देश की पाठशाला-महाविद्यालयों के छात्र ड्रग्स की चपेट में आ चुके हैं। इस बुरी आदत से उन्हें कैसे छुड़ाया जाए, यह बड़ा सवाल देश के सामने मुंह बाए खड़ा है। **- पवन सोनी**, डोंगरगढ़

## करंट अफेयर

# न्यूयॉर्क में हर्षोल्लास से मनाया गया भारत का स्वतंत्रता दिवस

भारत के तिरंगे की छटा, समृद्ध भारतीय सांस्कृतिक विरासत और अमेरिका के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की झलक न्यूयार्क सिटी में उस समय देखने को मिली जब यहां भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना और हर्षोल्लास साथ मनाया गया। भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को शहरभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के साथ–साथ भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन, टाइम्स स्क्वायर और लोअर मैनहट्टन में भारतीय प्रवासियों तथा शहर के अधिकारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किए गए। लातिन अमेरिका की यात्रा से पहले शहर में ही मौजूद विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने वाणिज्य दूतावास और टाइम्स स्क्वायर में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में प्रवासी समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया। अग्रणी प्रवासी संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने न्यूयॉर्क सिटी के प्रमुख स्थल टाइम्स स्क्वायर पर स्वतंत्रता दिवस पर एक विशेष समारोह आयोजित किया।



## ऑफ बीट

# अंडाशय के कैंसर का पता लगाना कठिन

डिम्बग्रंथि या अंडाशय के कैंसर का पता अक्सर तब चलता है जब वह विकसित हो चुके होते हैं और उनका इलाज करना कठिन होता है।



शोधकर्ताओं का लंबे समय से मानना है कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि महिलाओं को पहली बार लक्षणों का अनुभव तब होता है जब डिम्बग्रंथि का कैंसर अपनी जड़ें अच्छी तरह से जमा चुका होता है। लक्षणों को पहचानना भी मुश्किल हो सकता है क्योंकि वे अस्पष्ट और अन्य स्थितियों के समान ही होते हैं। लेकिन एक नए अध्ययन से पता चला है कि डिम्बग्रंथि के कैंसर का शुरुआती चरण में ही पता लगाया जा सकता है। अध्ययन में चार विशिष्ट लक्षणों वाली महिलाओं को लक्षित किया गया – सूजन, पेट में दर्द, बार–बार पेशाब करने की आवश्यकता, और जल्दी पेट भरा हुआ महसूस होना – और उन्हें इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि वह तत्काल किसी विशेषज्ञ से संपर्क करें। परिणामस्वरूप, डिम्बग्रंथि के कैंसर के सबसे आक्रामक रूपों का भी उनके प्रारंभिक चरण में पता लगाया जा सकता है। डिम्बग्रंथि के कैंसर का पता सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग (जिसे पैप स्मीयर कहा जाता था) के माध्यम से नहीं लगाया जा सकता है और स्क्रीनिंग टेस्ट के रूप में पेल्विक परीक्षाएँ उपयोगी नहीं होती हैं।

## ट्रेंड

### जल्द कड़ी सजा मिले



हमारी माताओं-बहनों-बेटियों पर अत्याचार करने के गुनहगारों को जल्द से जल्द कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि ऐसा पाप करने वालों में डर पैदा हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सेक्युलरिज्म का पालन हो



पीएम द्वारा 15 अगस्त को लाल क़िले से डा. भीमराव आम्बेडकर द्वारा सभी धर्मों का एक-समान सम्मान के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त की संवैधानिक व्यवस्था को 'कम्युनल' कहना क्या उचित है? सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का पालन करे, यही सच्ची देशभक्ति व राजधर्म है। -मायावती, बसपा सुप्रीमो

### अभी बहुत कुछ बाकी



रियायतें प्राप्त करने वालों से अपने आप में दाता बनने तक, भारत ने निम्न मध्यम आय वाले देश का दर्जा हासिल करने के लिए एक लंबा सफ़र तय किया है। उच्च आय वाला देश बनने की हमारी कोशिश में अभी भी बहुत कुछ शामिल करना बाकी है। -किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### आवाज़ उठाइये



आवाज़ उठाइये !! हर हालत में आवाज़ उठाइये ! कोलकाता की डॉक्टर बच्ची के साथ जो घिनौना, रूह को हिला देने वाला और मानवता को सदा के लिए शर्मिंदा करने वाला अपराध हुआ है. उसके खिलाफ़ आवाज़ उठाइये। -अनुपम खेर, अभिनेता

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

**नहीं हुआ है सवा करोड़ से अधिक का भुगतान**

# भू अर्जन मामले में न्यायालय पहुंची एसडीएम की गाड़ी कुर्क

## कलेक्टर के वाहन सहित कलेक्टोरेट की अचल संपत्ति की भी होनी है कुर्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

खास खबर



केएसके महानदी वर्धा पावर प्लांट के भू-अर्जन प्रकरण में सवा करोड़ से अधिक का मुआवजा भुगतान नहीं करने के मामले में जिला कोर्ट ने कलेक्टर, एसडीएम सहित प्रशासन की पांच गाड़ियों तथा कलेक्टर कार्यालय की अचल संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए थे। इस आदेश के परिपालन की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम न्यायालय पहुंचीं। इस दौरान न्यायाधीश ने सबसे पहले एसडीएम की सरकारी गाड़ी को मौके पर ही कुर्क करने के आदेश दिए। उक्त वाहन को तत्काल जब्त कर लिया गया।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केएसके महानदी वर्धा पावर प्लांट में हुए जमीन अधिग्रहण के दौरान प्राप्त मुआवजा भुगतान से असंतुष्ट पक्षकार सुरेखा सिंह ने जिला न्यायालय में मामला दायर किया था। इस प्रकरण में जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर, भू अर्जन अधिकारी एसडीएम और उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को पक्षकार बनाते हुए उन्होंने अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखा था। इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए वर्ष 2017 में मुआवजा भुगतान के आदेश न्यायालय ने दिए थे,लेकिन न्यायालय के आदेश का पालन नहीं हुआ।

ऐसी स्थिति में पीड़ित पक्ष ने न्यायालय के आदेश के परिपालन नहीं होने की बात रखते हुए अपना पक्ष रखा, जिस पर पिछले दिनों अपर सत्र न्यायाधीश ने कलेक्टर और एसडीएम के वाहन सहित प्रशासन की छह गाड़ियों तथा कलेक्टर कार्यालय की अचल संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए थे। इसी कड़ी में शुक्रवार 16 अगस्त को न्यायालय के कुर्की आदेश का पालन कराने वे कलेक्टोरेट पहुंचे।

### जिला प्रशासन का पक्ष रखने आईं थीं एसडीएम

*बताया जाता है कि न्यायालय में कुर्की आदेश मिलने के बाद जिला प्रशासन का पक्ष रखने के लिए जांजगीर एसडीएम और तहसीलदार को न्यायालय भेजा गया। कलेक्टर के निर्देश पर वे न्यायालय पहुंचे। इस दौरान न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान ने कुर्की की कार्रवाई तत्काल करते हुए एसडीएम की सरकारी गाड़ी क्रमांक-सीजी 02एच1212 को जब्त करने के आदेश दिए। आदेश होते ही एसडीएम की सरकारी गाड़ी को परिसर से ही जब्त कर लिया गया, जिसके बाद उन्हें निजी वाहन बुलाकर वापस लौटना पड़ा। बताया जाता है कि कुर्की आदेश के परिपालन में अभी कलेक्टर आकाश छिकारा की लग्जरी गाड़ी के साथ जिला प्रशासन के पांच गाड़ियों तथा कलेक्टर कार्यालय की अचल संपत्ति की भी कुर्की होनी है।*

**खबर संक्षेप**

### थाइलैंड : पैतोंगतार्न बनेंगी प्रधानमंत्री



**बैंकाक।** थाइलैंड की संसद में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की सबसे छोटी बेटी 37 साल की पैतोंगतार्न शिनावात्रा देश की नयी प्रधानमंत्री चुनी गयीं । पैतोंगतार्न, शिनावात्रा परिवार से थाईलैंड की कमान संभालने वाली तीसरी नेता बन गई हैं। इससे पहले उनके पिता थाकसिन शिनावात्रा और चाची यिंगलक शिनावात्रा यह पद संभाल चुके हैं।

### उमर अब्दुल्ला नहीं लड़ेंगे विधानसभा चुनाव



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि इस बार का विधानसभा चुनाव उमर अबुल्ला नहीं लड़ेंगे। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वो खुद से चुनाव लड़ेंगे और जब राज्य का दर्जा मिल जाएगा तो वो सीट खाली कर देंगे और तब उमर उस सीट से लड़ेंगे।

### पाकिस्तान में मिला मंकीपॉक्स का केस

**पेशावर।** पाक के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसने मंकीपॉक्स के नए स्वरूप के पहले मामले की पहचान की है जो अधिक आसानी से फैल सकता है। डब्ल्यूएचओ द्वारा मंकीपॉक्स के प्रसार को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के कुछ ही दिन बाद यह मामला सामने आया है। हाल ही में एक पश्चिम एशियाई देश से लौटे एक व्यक्ति में यह मामला सामने आया है, जो अफ्रीका के बाहर नए स्वरूप का दूसरा पुष्ट मामला है।

## विवादों में घिरा स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीटिंग अरेंजमेंट

# राहुल को पीछे बिठाने पर विवाद, सरकार बोली- ओलंपिक खिलाड़ियों को देना चाहते थे सम्मान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लाल किले पर देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान राहुल गांधी के सीटिंग अरेंजमेंट विवादों में घिर गया है।

- नेता प्रतिपक्ष के पद का अपमान करने का कांग्रेस ने लगाया आरोप

उन्हें ओलंपिक खिलाड़ियों के बाद, पांचवी पंक्ति (पीछे से दूसरी लाइन) में सीट दी गई। 2014 के बाद से यह पहला मौका था, जब राहुल बतौर नेता विपक्ष के रूप में समारोह में पहुंचे थे। वीडियो वायरल होने के बाद कहा जाने लगा कि 233 सांसदों के प्रतिनिधि का अपमान किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विवाद बढ़ने पर सरकार की तरफ से सफाई आई है कि राहुल को पीछे की सीट इसलिए दी गई, क्योंकि आगे की सीटे ओलिंपिक खिलाड़ियों के लिए रिजर्व थीं। प्रोटोकॉल के मुताबिक, विपक्ष के नेता को आगे की पंक्ति में बैठाया जाता है। बताया जा रहा है कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को भी पांचवीं पंक्ति में जगह दी गई थी। हालांकि, वो आए नहीं थे।

**रक्षा मंत्रालय की सफाई बेतुकी : कांग्रेस**

राहुल गांधी को पिछली पंक्ति में बैठाने पर कांग्रेस पार्टी ने कहा कि लीडर ऑफ अपोजिशन को पांचवीं पंक्ति में बैठाना पीएम की संकीर्णता और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति सम्मान की कमी को दर्शाता है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रक्षा मंत्रालय की इस सफाई को 'बेवकूफी' भरा बताया। उन्होंने कहा कि 'ओलंपिक मेडल विजेताओं को सम्मान बिल्कुल मिलना चाहिए. लेकिन क्या ये सम्मान गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा नहीं देना चाहते। वो क्यों आगे बैठे थे?' श्रीनेत ने कहा कि नेता विपक्ष को स्वतंत्रता दिवस समारोह में पांचवी लाइन में बैठाकर नरेंद्र मोदी ने अपनी कुंठा दिखाई है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पद किसी भी केंद्रीय मंत्री से बड़ा होता है। लोकसभा में वह प्रधानमंत्री के बाद आते हैं। राजनाथ सिंह रक्षा मंत्रालय को राष्ट्रीय समारोह का राजनीतिकरण करने की इजाजत कैसे दे सकते हैं। आपसे इसकी उम्मीद नहीं थी।

### 1977 में तय हुई थी परिभाषा

ऐसा माना जाता है कि लोकसभा या राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद तभी दिया जाएगा, जब विपक्षी पार्टी के पास कम से कम 10% सीटें हों। इसी तर्क के साथ 2014 और 2019 में कांग्रेस को ये पद नहीं दिया गया था। 1977 तक नेता प्रतिपक्ष के पद को संवैधानिक मान्यता नहीं थी। ये पद जीवी मावलंकर की ओर से जारी निर्देश पर दिया जाता था। लेकिन 1977 में एक कानून लाया गया, जिसमें पहली बार नेता प्रतिपक्ष के पद की न सिर्फ परिभाषा तय हुई, बल्कि इसने इस पद को संवैधानिक मान्यता भी दी। 'सैलरी एंड अलाउंसेस ऑफ लीडर ऑफ अपोजिशन एक्ट, 1977' नाम से आए इस कानून में कहीं भी 10% वाले नियम का जिक्र नहीं है। कानून में लिखा है कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के किसी नेता को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया जाएगा। ये कानून लोकसभा और राज्यसभा, दोनों के लिए है। कुल मिलाकर, इस कानून का सीधा-सीधा मतलब यही था कि लोकसभा स्पीकर या राज्यसभा चेयरमैन के पास सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा देने से इनकार करने का अधिकार नहीं है, भले ही उस पार्टी के पास 10% से भी कम सीटें ही क्यों न हों।

### कितना ताकतवर होता है नेता प्रतिपक्ष?

नेता प्रतिपक्ष का पद कैबिनेट मंत्री के बराबर होता है। इस पद पर जो भी व्यक्ति होता है, वो संसद में सिर्फ विपक्ष की आवाज ही नहीं होता, बल्कि उसके कई विशेषाधिकार और शक्तियां भी होती हैं। विपक्ष का नेता पब्लिक अकाउंट, पब्लिक अंडरटेकिंग और एस्टिमेट पर बनी कमेटियों का हिस्सा होता है। साथ ही संयुक्त संसदीय समितियों और चयन समितियों में भी अहम भूमिका होती है। ये चयन समितियां सीबीआई, ईडी, केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) और केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) जैसी एजेंसियों के प्रमुखों की नियुक्तियां करती हैं।

**बांग्लादेश की अंतरिम सरकार प्रमुख ने की पीएम मोदी से फोन पर बात**

# यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है। बांग्लादेश ने भारत को हिंदुओं की रक्षा का भरोसा दिलाया है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट कर जानकारी दी, "बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस का टेलीफोन आया, बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत ने अपना समर्थन दोहराया। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया। बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद आठ अगस्त को मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली थी। यूनुस के कार्यभार संभालने के बाद मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया था।

### हसीना सरकार के पतन के बाद हो रहा अत्याचार

शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के सदस्यों के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। हसीना नौकरियों में विवादित आरक्षण व्यवस्था को लेकर अपनी सरकार के खिलाफ हुए व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देश छोड़कर पांच अगस्त को भारत आ गई थीं। 'बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस' नामक एक गैर-राजनीतिक हिन्दू संगठन ने दावा किया है कि पांच अगस्त को शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से 48 जिलों में 278 स्थानों पर अल्पसंख्यक समुदाय को हमलों और धमकियों का सामना करना पड़ा है। संगठन ने इसे 'हिंदू धर्म पर हमला' करार दिया है।

**उद्धव ठाकरे ने एमवीए सहयोगियों से की अपील**

# 'पहले सीएम फेस का हो ऐलान उसके बाद करें चुनाव प्रचार'

जेंसी ▶▶| मुंबई



महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी के गठबंधन सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को बयान देते हुए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर बात की। उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी द्वारा घोषित किसी भी उम्मीदवार का बिना शर्त समर्थन करेगी। उद्धव ठाकरे ने एमवीए की एक मीटिंग के दौरान इस बात पर जोर दिया कि इस साल के आखिरी में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव राज्य के स्वाभिमान की रक्षा के लिए एक लड़ाई होगी। ठाकरे ने कहा, "एमवीए के सीएम चेहरे को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। मैं गठबंधन के सभी नेताओं से अपील करता हूं, चाहे वह पृथ्वीराज चव्हाण हों या शरद पवार, वे सीएम के लिए अपनी पसंद की घोषणा करें और मैं बिना शर्त उनका समर्थन करूंगा।

### 'आपस में लड़ाई से बचना चाहिए'

ठाकरे ने आगे कहा, "उन्होंने हमारी पार्टी और फिर एनसीपी को बांट दिया। कांग्रेस भाग्यशाली है कि उसने अपना 'पंजा' चिन्ह बरकरार रखा है। अब, कांग्रेस का हाथ हमारी 'मशाल' थामेगा और एनसीपी का मावला (लड़ाकू) हमारी जीत का बिगुल बजाएगा।

# मॉल में तोड़फोड़, उपद्रवियों ने फूंकी 6 गाड़ियां, धारा-163 लागू

**उदयपुर में स्कूली छात्रों के बीच झगड़े से बवाल**



**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर के एक सरकारी स्कूल में दो छात्रों के बीच झगड़ा इतना ज्यादा बड़ा हो गया कि स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस को धारा-163 तक लगाना पड़ा। राजस्थान के उदयपुर से एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां के एक सरकारी स्कूल में दो छात्रों के बीच हुई लड़ाई और झड़प एक बड़े तनाव की वजह बन गई। इसके चलते मॉल में तोड़फोड के अलावा सड़क पर भी जबरदस्त बवाल मचा। लोगों नें कारों में आग तक लगा दी। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज करके उपद्रवियों को खदेड़ा। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए जिले के कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने धारा-163 लगाने का ऐलान कर दिया है। कलेक्टर ने बताया है कि हमला करने वाला नाबालिग छात्र मौके से फरार हो गया था लेकिन अब वह और उसके पिता दोनों को ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ये है मामला

उदयपुर के एक सरकारी स्कूल में दो छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था, वे एक ही क्लास में पढ़ते थे, और लंच के बाद दोनों के बीच पहले बहसबाजी हुई फिर एक छात्र ने झगड़े के बीच चाकू निकालकर दूसरे पर हमला बोल दिया, जिसके चलते दूसरा छात्र घायल हो गया। उसे टीचर्स अस्पताल ले गए, जहां आईसीयू में फिलहाल उसका इलाज किया जा रहा है। इस घटना से गुस्साए हिंदू संगठनों ने जमकर बवाल मचाया। छात्रों के इस झगड़े में एक के घायल होने को लेकर गुस्साए लोगों ने सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी और जमकर पत्थरबाजी भी की, जिसके चलते स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो गई।

पावरग्रिड
POWERGRID

विज्ञापन संख्या: के.का/05/2024 दिनांक 07.08.2024

**कनिष्ठ अभियंता (सर्वे इंजीनियरिंग), सर्वेयर एवं ड्राफ्ट्समैन के पद पर भर्ती हेतु अधिसूचना**

पावरग्रिड, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न उद्यम, जूनियर इंजीनियर (सर्वे इंजीनियरिंग), सर्वेयर और ड्राफ्ट्समैन के पद पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

विस्तृत विज्ञापन/अधिसूचना कंपनी की वेबसाइट www.powergrid.in पर कैरियर अनुभाग में उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 07.08.2024 |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 29.08.2024 |

पावरग्रिड, पश्चिमी क्षेत्र-I के संबंध में, रिक्त पद इस प्रकार हैं -

i. जूनियर इंजीनियर (सर्वे इंजीनियरिंग) ग्रेड-III/एस 2 - 01 पद
ii. सर्वेयर ग्रेड-IV/W4 - 01 पद

महत्वपूर्ण सूचना:
केवल ऑनलाइन आवेदन पर ही विचार किया जाएगा। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/मोड या उम्मीदवार सूची स्वीकार नहीं की जाएगी। विस्तृत विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड यानी आयु सीमा, योग्यता आदि के संबंध में, केवल हमारी वेबसाइट https://www.powergrid.in/careers पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें।
विस्तृत विज्ञापन में कोई भी आगामी अधिसूचना/संशोधन केवल पावरग्रिड वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्युशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
क्षेत्रीय कार्यालय: पश्चिम क्षेत्र-I, क्षेत्रीय मुख्यालय, संप्रिती नगर, नारी रिंग रोड, पो.ओ. उप्पलवाडी, नागपुर - 440026, टेलि.: 0712-2641478.
www.powergrid.in CIN- L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

# यूक्रेन को 50 डॉलर दान देने पर रूसी महिला को 12 साल की सजा

एजेंसी ▶▶| मास्को



रूस में जन्मीं अमेरिकी नागरिक, 33 साल की कसेनिया खवाना को रूस में एक अदालत ने 12 साल की जेल की सजा सुनाई है। उन पर अमेरिका की एक समाजसेवी संस्था को महज 50 डॉलर का दान देने का आरोप था। इस दान के लिए उसे इतनी बड़ी सजा मिली। भारतीय करेंसी में यह रकम करीब 4,200 रुपये बैठती है। रूसी अधिकारियों ने खवाना को उनके शादी के पहले के नाम कसेनिया कैरेलिना के रूप में पहचाना है। उन्हें फरवरी में यूराल माउंटेंस शहर येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किया गया था और पिछले हफ्ते एक बंद ट्रायल में दोषी ठहराया गया था। खवाना पूर्व बैले डांसर हैं। खबरों के मुताबिक उन्होंने एक अमेरिकी नागरिक से शादी की और लॉस एंजेलिस जाने के बाद अमेरिकी नागरिकता ले ली। वह हाल में अपने परिवार से मिलने रूस वापस आई थीं।

### रूस का दावा

रूसी एजेंसी फेडरल सिक्यॉरिटी सर्विस ने कहा कि उन्होंने "यूक्रेनी संगठनों के हित में पैसा इकट्ठा किया था, जिसे बाद में स्वास्थ्य संबंधी सप्लाई, उपकरणों, हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए इस्तेमाल किया गया। खवाना पर मुकदमा येकातेरिनबर्ग में हुआ, जो मॉस्को से लगभग 1,420 किलोमीटर पूर्व में है।



## जैकेट के शेष

### जम्मू-कश्मीर, हरियाणा में ....

कार्यक्रम की घोषणा की। हरियाणा में विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2025 को खत्म होने वाला है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- लोकसभा चुनाव के बाद यह हमारा दूसरा पड़ाव है। लोकसभा चुनाव दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्शन प्रोसेस थी, जो शांतिपूर्व तरीके से संपन्न हुई। इसमें कई रिकॉर्ड बने।

### महाराष्ट्र तथा वायनाड में...

गणेशोत्सव, पितृ पक्ष और दिवाली जैसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम होने हैं। इस कारण चुनाव स्थगित किए गए हैं।

### ईओडब्लू, एसीबी ने ....

टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची, उनमें से ज्यादातर लोगों को टीम ने सोते से जगाया है। छापे की कार्रवाई के दौरान जांच टीम ने भिलाई के कारोबारी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 23 अगस्त तक रिमांड पर लिया है।

**छह घंटे से ज्यादा पूछताछ** : सूत्रों के मुताबिक जांच टीम ने समीर विश्नोई के रिश्तेदार राजस्थान, अनूपगढ़ निवासी पेशे से कारोबारी गौरव गोदारा के निवास तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठान में सुबह 7 बजे छापा मारा कार्रवाई दोपहर एक बजे तक जारी रही। छापे की कार्रवाई के दौरान मकान को अंदर से बंद कर दिया गया था। मकान के अंदर काम करने वाले कर्मचारी तक को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया।

### इन-इन जगहों ....

संपत्ति पता चलने की बात कही गई है। छापे की कार्रवाई के दौरान मिले इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जांच एजेंसी ने अपने कब्जे में ले लिया है, जिनमें संपत्तियों का ब्यौरा दर्ज है।

### कोरबा में व्यापारी ....

खंगालना शुरू कर दिया । सूत्र बताते हैं कि जिस व्यवसायी के घर एसीबी की टीम ने छापा मारा है उनका राखड़ व कोयला परिवहन का काम चलता है। फिलहाल देर शाम तक एसीबी ने छापा को लेकर कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी है। हालांकि छापेमारी के बाद सुबह से ही जिले के विभिन्न महकमों में तरह तरह की चर्चा सरगर्म रही।

### कोयला कारोबारी के ....

एफआईआर की है। गौरतलब है कि पिछली सरकार के कार्यकाल में ईडी ने कोयला घोटाले की जांच शुरू की थी जिसमें सूर्यकांत तिवारी से लेकर रायगढ़ की तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू तक पर एफआईआर हुई और इनमे से कई अभी जेल में हैं। इसी मामले में रायगढ़ निवासी नवनीत तिवारी भी लपेटे में आए थे।

गुरुवार की सुबह नवनीत तिवारी के फातमी नगर स्थित उनके मकान में एसीबी ने दबिश दी लेकिन उनके घर में ताला लटका हुआ मिला। इसके बाद एसीबी ने उनके घर में नोटिस चस्पा कर दिया। यह नोटिस एसीबी के निरीक्षक केशव नारायण आदित्य के नाम से है, जिसमें यह बताया गया है कि तलाशी के लिए वे यहां आए थे लेकिन घर में कोई नहीं मिला। पड़ोसियों से पूछताछ में भी कोई संपर्क सूत्र नहीं मिला ऐसे में घर को सील किया गया है और वापस लौटने के बाद भी उसे न खोलने की हिदायत दी गई है।

### रायफल की सफाई ....

ट्रिगर दबने से गोली चल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक जवान का नाम सन्नू हपका था। वह भैरमगढ़ थाना में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ था। शुक्रवार की सुबह 9 बजे वह अपने ही सर्विस रायफल को साफ कर रहा था। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद पुलिस ने जाकर देखा तो आरक्षक के सीने में गोली लगी थी। इस हादसे के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए भैरमगढ़ अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सीने में लगी ....

के पीछे मेस की तरफ गया था। सम्भवतः सफाई के दौरान दुर्घटनावश ट्रिगर दबने से गोली चली, जो जवान के सीने में लगी। पुलिस थाना भैरमगढ़ में मर्ग पंजीबद्ध कर विधिक कार्रवाई कर रही है।

### नक्सलगढ़ के 13 ....

झंडा फहराया करते थे, लेकिन नक्सलियों के इन आधार इलाकों में फोर्स की धमक के साथ फिजा बदलने लगी है।

इस बार राष्ट्रीय पर्व यहां के ग्रामीणों के लिए अनोखा था। बस्तर के नक्सलगढ़ में रहने वाले ग्रामीणों व समर्पित नक्सलियों ने भी आजादी के पर्व को धूमधाम से मनाते हुए तिरंगा फहराया।

दरअसल यह इलाका कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था, जिस वजह से यहां के ग्रामीण नक्सलियों के भय से स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा नहीं फहराते थे। राष्ट्रीय पर्वों के दिनों को नक्सली काला दिवस के रूप में मनाते थे, लेकिन इस बार जवानों के बुलंद हौसले ने और बस्तर पुलिस की बेहतर रणनीति से अब इन इलाकों में धीरे-धीरे नक्सली बैक फुट पर हैं, जिसके चलते यहां के ग्रामीण भय मुक्त होकर आजादी का पर्व धूमधाम से मनाते हुए इन 13 गांवो में पहली बार ध्वजारोहण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस के जवानों के साथ गांव में बकायदा तिरंगा रैली भी निकाली।

### नए पुलिस कैंप ...

यही वजह है कि इस बार ग्रामीणों ने राष्ट्रीय पर्व में शामिल होकर जवानों के साथ आजादी का जश्न मनाया।

\- सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर

### 'कांतारा' फेम ऋषभ ....

शेट्टी को फिल्म 'कांतारा' के लिए बेस्ट एक्टर और नित्या मेनन, मानसी पारेख को बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।

रेडियोएक्टिव पदार्थ की तस्करी के पाक के आरोप को भारत ने बताया झूठा, तथ्यहीन और प्रोपेगेंडा का हिस्सा

# भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार सामान्य भारतीयों को दिया जा रहा 'सीमित' वीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ढाका में बने हुए चिंताजनक हालातों के मध्य भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार सामान्य रूप से जारी है। दोनों देशों की सीमाओं से जरूरी सेवाओं वाली चीजों से लदे हुए ट्रकों की आवाजाही हो रही है। लेकिन बांग्लादेश में देश वापसी का इंतजार कर रहे भारतीयों के लिए अभी तक पूरी तरह से वीजा सेवाएं बहाल नहीं हुई हैं। फिलहाल सीमित रूप में ही भारतीयों को उच्चायोग की तरफ से वीजा दिया जा रहा है। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि वीजा सुविधा को पूरी तरह से तभी शुरू किया जाएगा। जब बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था पूर्णतः दुरुस्त हो जाएगी और हालात भी सामान्य हो जाएंगे। लेकिन ढाका में मौजूद भारतीय उच्चायोग और बांग्लादेश के अन्य इलाकों में उप भारतीय उच्चायोग के जरिए भारतीय नागरिकों को फोन के जरिए काउंसलर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत प्रवास और शरण से जुड़े सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश के हालात लगातार बदल रहे हैं। भारत ने शेख हसीना को बेहद कम समय में देश में आने की अनुमति दी थी। अभी उनकी योजनाओं के बारे में बताने के लिए नया कुछ भी नहीं है।

- भारत की मेजबानी में आज से होगी ग्लोबल साउथ सम्मेलन की वर्चुअल शुरुआत



### अंतरिम सरकार के संपर्क में भारत

एक अन्य प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि हम भारत और बांग्लादेश के लोगों के हित में उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए अंतरिम सरकार के साथ काम करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। ताकि दोनों देशों के लोगों की शांति, सुरक्षा और विकास यात्रा को मजबूती प्रदान की जा सके। साथ ही बांग्लादेश में बनी हुई अल्पसंख्यकों की स्थिति की लगातार निगरानी जारी है। हमारे उच्चायुक्त की वहां के विदेश मामलों के सलाहकार से मुलाकात हुई है। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की गई है। इसमें हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों का मामला शामिल है। भारत को उम्मीद है कि जल्द से जल्द वहां पर हालात सामान्य होंगे। जिससे अल्पसंख्यक सुरक्षित हों और उनकी सुरक्षा पर ध्यान दिया जाए। साथ ही हम ये भी कहना चाहते हैं कि हर सरकार की ये जिम्मेदारी होती है कि वो अपने नागरिकों की सुरक्षा करे। पीएम मोदी ने लालकिले से दिए अपने संबोधन में भी 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता जाहिर की थी।

### पाकिस्तान में सड़क दुर्घटना : छह की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक वैन के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना बृहस्पतिवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की स्वात घाटी के चुपरियाल इलाके में हुई। वाहन में सवार एक परिवार के 14 लोग विवाह समारोह से लौट रहे थे तभी पहाड़ी इलाके में एक खतरनाक मोड पर वाहन असंतुलित हो गया। अधिकारियों ने बताया कि वैन के गहरी खाई में गिरने से परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। बचाव और चिकित्सा दल मौके पर पहुंचे और घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में गुड्स शेड के कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

सीपीएम / जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**निविदा क्र.:** सीपीएम-जीएसयू-12-एनजीपी-2024-25

**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के सिवनी (SEY) और छिंदवाड़ा (CWA) के गुड्स शेड का उन्नयन / आधुनिकीकरण।

**अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 36,95,05,306/-

**बयाना राशि:** ₹ 19,97,500/-

बोलीदाता उपरोक्त निविदाओं के लिए अपनी मूल/संशोधित बिड्स दिनांक **04.09.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते हैं ।

मैन्युअल निविदाओं की अनुमति नहीं है व ऐसे प्राप्त सभी मैन्युअल निविदा ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है ।

**उप. मुख्य अभियंता - जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

FL/21/83

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.VSKP-ELECTG-24-25-WC-12, दिनांक : 12.08.2024

**कार्य का नामः** सहायक मण्डल अभियन्ता/ट्रैक/वाल्टियर के अधीन कि.मी.87016-17 स्थित मानव युक्त समपार ML-477, कि.मी.870/16-17 स्थित SS-1, कि.मी.857/29-27 स्थित ML-486, कि.मी. 852/17A-19A स्थित ML-482, कि.मी. 849/ 21A-23A स्थित ML-480, कि.मी.763/26-28 स्थित BC-2 के 7 संख्यक सीमित ऊँचाई वाले उपमार्ग का रुफ कवरिंग की व्यवस्था।

**निविदा मूल्य (रुपये में):** 36,88,841.10/-, EMD (रुपये में) : 73,800/-, पूरा होने की अवधि : 120 दिन।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 09.09.2024 को 1330 बजे, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 09.09.2024 को 1600 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (G)/ वाल्टियर

PR-430/P/24-25


## पेज एक के शेष

### इस्कान मंदिर पर सोने...

कलश सजाया गया है। मंदिर के अध्यक्ष एचएच सिद्धार्थ स्वामी के मार्ग-दर्शन में निर्मित भव्य मंदिर के गर्भ गृह सहित मंदिर निर्माण में राजस्थान के 80 से ज्यादा कारीगरों ने 14 साल में संगमरमर से सफेद मार्बल की मदद से इसे संवारने की जिम्मेदारी निभाई है। मंदिर के गर्भ गृह के पास ही प्रसादम के लिए ही नहीं बल्कि श्रीराधारासबिहारी के नियमित श्रृंगार सामग्री को रखने के लिए कक्ष निर्मित किया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष सुलोचन कृष्ण दास की अगुवाई में संचालित होने वाले तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हर जिम्मेदारी तय की गई है। श्रीराधारासबिहारी के नव निर्मित गर्भ-गृह के सामने ही दिल्ली से मंगाया गया 21 लाख का भव्य झूमर आकर्षण का केन्द्र होगा।

### मुख्यालय के वेदाचार्य कराएंगे...

इतना ही नहीं कलक्ता स्थित मुख्यालय से इस प्राण प्रतिष्ठा को गति देने के लिए 25 वेदाचार्यों का समूह रायपुर पहुंच चुका है। इनकी अगुवाई में ही नव निर्मित मंदिर में 21 हवन कुंड बनाए गए हैं। पुजारियों के मार्ग-दर्शन में 17 से लेकर 19 अगस्त तक हवन-पूजन होंगे। मुख्य आयोजन प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को होगा। इसके लिए सारी जिम्मेदारी संतो के मार्ग-दर्शन में तय की गई है। 17 की सुबह 4.30 से शाम 6.30 बजे तक विविध धार्मिक आयोजन में देश ही नहीं विदेशों से आ रहे श्रीराधारासबिहारी के अनुरागी शामिल होंगे व प्रवचन सुनेंगे।

### विदेशी भक्तों के...

बनाए गए डोम में किया जाएगा। इसके अलावा महोत्सव में शामिल होने के लिए प्रदेश ही नहीं दूसरे राज्यों से करीब 5 हजार से ज्यादा भक्त आने वाले हैं। इनके लिए सर्व सुविधा युक्त डोम तैयार किया गया है। इसमें 5 हजार लोगों के लिए बैठक व्यवस्था होगी।

### छग में इस बार...

पर होते हैं। अब यह स्पष्ट कर दिया गया है कि किस राज्य में कितनी एमबीबीएस सीट्स पर प्रवेश इस काउंसलिंग के जरिए मिलेगा। इसके पूर्व एमसीसी ने जारी किए सर्कुलर में साफ किया था कि 14 अगस्त से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही 14 से 16 अगस्त के बीच में एमसीसी सभी संस्थाओं से उनके यहां की एमबीबीएस सीट्स के बारे में जानकारी लेने के बाद सीट मैट्रिक्स जारी करेगी। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि कहां, कितने सीटों में दाखिले मिलेंगे।

### आईएएस की जान लेने...

पटेल, हरिचरण पटेल, लोकनाथ पटेल और लाल साय निषाद पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### साल 2019 का है...

दिया। इस घटना मे मयंक चतुर्वेदी बाल बाल बच गए थे। इस घटना में शामिल आरोपी कन्हैया पटेल, हरिचरण पटेल, लोकनाथ पटेल और लाल साईं निषाद पर भारतीय दंड संहिता और अजजा (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं। चारों को दोषी ठहराने के अलावा, विशेष अदालत के न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन ने यह भी आदेश दिया कि अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल की गई कार, जेसीबी मशीन और मोटरसाइकिल जब्त की जाए। 2017 बैच के आईएएस अधिकारी चतुर्वेदी वर्तमान में दंतेवाड़ा में कलेक्टर के पद पर तैनात हैं।

### स्वंत्रतता दिवस पर सीएम...

क्षेत्र की जनता सुरक्षित महसूस कर रही है, जिसका कारण हमारे वीर जवानों की मेहनत व पराक्रम है।

**यूपीएससी की सीटें बढ़ाकर 185** : यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में हमारे युवाओं की सफलता दर बढ़े, इसके लिए आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग द्वारा नई दिल्ली में संचालित यूथ हॉस्टल में यूपीएससी की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों के लिए सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर हमने 185 कर दी है। अब सिविल सेवाओं की तैयारी के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के चयनित युवा पूर्णतः निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकेंगे एवं दिल्ली में कहीं भी निवास करने पर उनको निर्धारित स्टाइपेंड भी प्राप्त होगा, जिससे उन्हें किराये के लिए भी प्रतिपूर्ति प्राप्त होती रहेगी।

**प्रायमरी की पढ़ाई 18 स्थानीय भाषाओं में** : उन्होंने कहा कि हमने नई शिक्षा नीति के तहत 18 स्थानीय भाषाओं में प्राइमरी स्कूल में पढ़ाई कराने का निर्णय लिया है। इससे बच्चों का अपनी भाषा से अनुराग भी बढ़ेगा तथा हमारी नई पीढ़ी अपनी जड़ों से भी जुड़ी रहेगी। स्कूलों की अधोसंरचना को बेहतर करने एवं यहां शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रथम चरण में प्रदेश के 211 स्कूलों में पीएमश्री योजना आरंभ की गई है। इन स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। तीसरे चरण में हमें 52 स्कूलों की स्वीकृति मिली है। हम ग्रीन स्कूल तैयार कर रहे हैं। **स्कूलों में रोबोटिक्स, एआई की पढ़ाई** : स्कूलों में स्थानीय भाषाओं के साथ रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) जैसे विषय भी पढ़ाए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थी वर्तमान समय के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। प्रदेश के स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन भी शुरू किया गया है। इसमें जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने समाज की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इससे बच्चों का पोषण विकास तो होता ही है, सामुदायिक भावना का भी विकास होता है। पैरेंट्स-टीचर मीटिंग के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में हम काम कर रहे हैं।

**स्टेट कैपिटल रीजन होंगे विकसित** : राजधानी के समुचित विकास के लिए और यहां उद्यम के अवसरों को बढ़ावा देने हम नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) की तरह ही स्टेट कैपिटल रीजन विकसित करने जा रहे हैं। कोरबा-बिलासपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने का निर्णय हमने लिया है। इसके अस्तित्व में आने पर इन क्षेत्रों में औद्योगिक विस्तार और भी तेज हो जाएगा। उद्यमी युवाओं को 'छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना' के माध्यम से 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ हम ब्याजमुक्त ऋण प्रदान करेंगे।

### स्वतंत्रता सेनानियों को...

राशि देने का निर्णय लिया है। प्रदेश में कृषि हितैषी नीतियों की वजह से खेती-किसानी में रौनक लौट आई है और किसानों के चेहरों पर मुस्कान नजर आ रही है। एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय ने हमारे समक्ष अंत्योदय के लिए कार्य करने का आदर्श रखा है। समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति के उत्थान और विकास को सुनिश्चित करने के इसी लक्ष्य के अनुरूप हम अनथक कार्य कर रहे हैं। अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारी 68 लाख परिवारों को अगले पांच सालों तक निशुल्क खाद्यान्न वितरण का निर्णय हमारी सरकार द्वारा लिया गया है।

### छात्राओं से अश्लील .....

मुख्य मार्ग पर महिला बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान महिला का परिचित शिक्षक प्रमोद सिंह चंदेल कार से वहां पहुंचा। उसके साथ यजवेंद्र सिंह चंदेल और अखिलेश सिंह चंदेल भी कार में मौजूद थे। पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी प्रमोद ने उसे मायके तक छोड़ने की बात कही। युवक परिचय का था, तो महिला उस पर भरोसा कर कार में सवार हो गई। रिस्दा स्थित धान मंडी के पास सूनसान जगह पर महिला के साथ तीनों ने गैंगरेप किया। रिपोर्ट पर मस्तूरी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया और बाद में तीनों की गिरफ्तारी भी हुई। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी प्रधान पाठक अखिलेश सिंह चंदेल, शिक्षक प्रमोद सिंह के साथ ही उसके दोस्त यजवेंद्र सिंह चंदेल को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जेल बंद होने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है।

### शिक्षक के ...

पाया गया कि इस तरह की कोई शिकायत नहीं पाई गई। इसके बाद शिक्षक प्रवीण कुमार ने जिला शिक्षा विभाग और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए जांच की मांग की है। इसके साथ ही शाला पालक प्रबंध समिति की ओर से भी शिक्षक के पक्ष में डीईओ को पत्र लिखा गया है।

### हेडमास्टर ने दो ....

स्कूल का जायजा लिया तो छात्राओं ने फिर से इस बारे में शिकायत की। प्रधान पाठक जय सिंह इस बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। मामले में प्रतिवेदन एसडीएम तखतपुर को सौंपा गया। इसी आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने प्रधान पाठक जय सिंह और शिक्षक रामनारायण दुबे को सस्पेंड कर दिया है जबकि संकुल समन्वयक प्रदीप माथूर को नोटिस जारी किया गया है।


**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION (Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Website: www.esic.nic.in/www.esic.in

**क्षेत्रीय कार्यालय,/**
107, राम नगर रोड, कोटा,रायपुर (छ.ग.)- 492010
फोन नं.- 0771-2254589, ई-मेल- rd-cgarh@esic.nic.in
REGIONAL OFFICE
107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (C.G.)-492010
Phone: 0771-2254589,
Email: rd-cgarh@esic.nic.in

No-59-U/17/13/08/2019-mIMP दिनांक:12/08/2024

**एलोपैथिक डॉक्टर, केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए ESI योजना से जुड़ने का सुनहरा अवसर**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम **(ESIC)**, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र के निम्न जिलों में **Modified Insurance Medical Practitioner (mIMP)** योजना के तहत **Doctor(Allopathic), Chemist** एवं **Diagnostic Centre Empanel** करने हेतु **Online** आवेदन कर सकते हैं जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से बीमित व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाना है :-

| Sl. No. | District | Sl. No. | District |
|---|---|---|---|
| 1. | Bijapur | 8. | Sukma |
| 2. | Jashpur | 9. | Surajpur |
| 3. | Mungeli | 10. | Mahasamund |
| 4. | Balod | 11. | Dantewada |
| 5. | Narayanpur | 12. | Kanker |
| 6. | Bastar | 13. | Koriya |
| 7. | Balrampur | 14. | Manedragarh-Chirmiri-Bharatpur (from Koriya) |

उपरोक्त जिलों में डॉक्टर, केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के **Empanelment** हेतु ऑनलाइन आवेदन **esic.gov.in** पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किये जाने है।

निम्न जिलों में केवल केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के **Empanelment** हेतु ऑनलाइन आवेदन **esic.gov.in** पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किये जाने है :-

| Sl. No. | District | Sl. No. | District |
|---|---|---|---|
| 1. | Kabirdham(Kawardha) | 3. | Bemetara |
| 2. | Surguja | 4. | Kondagaon |

इच्छुक आवेदक **www.esic.gov.in à Health Services à Apply under mIMP Scheme** के ऑनलाइन लिंक पर दिनांक **17.08.2024 से 26.08.2024** तक आवेदन कर सकते हैं । विशेष जानकारी हेतु दूरभाष संख्या-**0771-2254689** में क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी. निगम, रायपुर पर संपर्क किया जा सकता है।

आवेदन के अंतिम तिथि के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

क्षेत्रीय निदेशक



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई**

**निविदा सूचना**

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-4/2024/376/132 भिलाई दिनांक 13/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | निविदा प्रापत्र प्राप्त हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी | निविदा विभाग में प्राप्त होने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 45, शिवाा मोहल्ला के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 4.88 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 2. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 45, नकम्मा मोहल्ला स्थित सामुदायिक शौचालय का संधार कार्य। | 4.30 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 3. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 45, कन्या विद्यालय के पीछे स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 2.93 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 4. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 46, इण्डस्ट्रीयल एरिया गणेश मंदिर पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 4.08 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 5. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 46, मिनीमाता नगर स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 5.10 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 6. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 46, शर्मा आश्रम कालोनी में स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 3.58 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 7. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 48, मिलावट पारा गार्डन के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 2.70 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 8. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 48, बी.एस.पी. ओव्हरहेड टंकी के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 2.79 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 9. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 48, केनाल रोड शिव मंदिर के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 2.84 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 10. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 49, श्रीराम चौक मैदान में स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 2.03 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 11. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 50, बाबा बालकनाथ मंदिर के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 2.06 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 12. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 50, ठेठवार पारा बी.एस.पी. पानी टंकी के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 5.01 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 13. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 50, नवीन कॉलेज ग्राउण्ड के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 5.10 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 14. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 51, शिवाजी नगर चन्द्रमा चौक स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 2.99 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 15. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 51, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 4.00 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 16. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 51, अटल आवास शिवाजी नगर स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 4.08 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 17. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 51, पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 4.84 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |
| 18. | जोन क्र. 04 अंतर्गत वार्ड क्र. 51, श.वी.ना. सिंह नगर राम्हेपूर स्कूल के पास स्थित सामुदायिक शौचालय का संधारण कार्य। | 2.07 | 27.08.2024 | 04.09.2024 |

निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

(घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।)

जोन आयुक्त
शिवाजी नगर जोन-04
नगर पालिक निगम, भिलाई


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार में वृद्धि होगी, परन्तु भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

**वृष** — परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत भी रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शैक्षिक कार्यों का ध्यान रखें।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। जीवनसाथी का साथ मिलेगा, परन्तु आपसी सौहार्द बनाये रखें। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — व्यर्थ के विवाद एवं झगड़ों से बचें। मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कन्या** — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मन परेशान रहेगा।

**तुला** — कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। कारोबार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृश्चिक** — नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**धनु** — परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**मकर** — शैक्षिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्चशिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। मन परेशान हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5604

**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5603 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ज | हा | ल | त | ■ | ■ | नि | ड | र | ■ |
| क | प | ■ | क्ष्य | ■ | आ | स | रा | ■ | मा | मा |
| ल | ■ | ■ | ही | र | क | ■ | ला | ■ | ■ | हि |
| प | रा | धी | न | ता | ■ | द | ■ | अ | सु | र |
| ना | ■ | र | ■ | लू | ट | मा | र | ■ | रै | ■ |
| ■ | सा | ज | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | सा | या | ■ |
| ■ | व | ■ | फि | त | र | त | ■ | ह | ■ | मा |
| का | न | न | ■ | ल | ■ | न | क | ब | ज | न |
| फि | ■ | ■ | व | ■ | शा | य | र | ■ | ■ | हा |
| र | वा | ■ | च | म | न | ■ | त | ■ | श | नि |
| ■ | द | म | न | ■ | ■ | रो | ब | दा | र | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5615

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकू नवताल - 5614 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.



# पूरी टीम और निर्देशक के लिए है बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली।** फिल्म गुलमोहर को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। फिल्म को स्पेशल मेंशन और बेस्ट स्क्रीनप्ले के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। इसे लेकर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने अपनी खुशा जाहिर की है। उन्होंने इसे पूरी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। मनोज बाजपेयी ने एएनआई के साथ एक बातचीत में कहा कि फिल्म को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने से वह बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'यह पूरी टीम और निर्देशक के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है, जिनकी पहली फिल्म ने तीन राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं।' बता दें कि फिल्म गुलमोहर से शर्मिला टैगोर ने पर्दे पर अपनी वापसी की है।

## लाइफ Style

# जैस्मिन



## अब तो खुल गई पोल

हार्दिक पांड्या और जैस्मिन वालिया की डेटिंग पर अब नया पोस्ट सामने आया है। इसे देखकर लोग हार्दिक और उनका रिलेशन लगभग कन्फर्म मान रहे हैं। जैस्मिन वालिया की एक तस्वीर रेडिट पर शेयर की गई है जिसमें उनके साथ हार्दिक के होने का दावा किया जा रहा है। इस पर लोग जमकर भड़ास निकाल रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेडिट यूजर ने तस्वीर शेयर करके लिखा है, अब तो धीरे-धीरे रिवील ही हो रहा है पांड्या का डेटिंग। फोटो में जैस्मिन के बगल में एक हाथ दिख रहा है। इस पर टैटू बने हैं। हार्दिक पांड्या के भी हाथों में उसी जगह पर टैटू बने हैं तो माना जा रहा है कि जैस्मिन के साथ पांड्या ही बैठे हैं। इस पोस्ट पर लोग गुस्सा निकाल रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, ऐसे लोग शादी ही क्यों करते हैं? ऐसे ही रहना था। एक यूजर ने लिखा है, नताशा के दोनों एक्स जैस्मिन नाम की लड़की से डेट कर रहे हैं। एक यूजर का कमेंट है कि नताशा के लिए दुख हो रहा है। पांड्या के फैन्स ने बिना सच जाने एक बच्चे की मां की इतनी बुरी ट्रोलिंग की और उन पर अटैक किया। एक कमेंट है, मुझे नताशा के लिए खुशी हो रही है कि वह टॉक्सिक रिश्ते से बाहर आ गईं।

1. निविदा हेतु आवेदन का प्रारूप एवं शर्ते नगर पालिक निगम रायपुर के वेब साईड WWW.nagarnigamraipur.nic.in पर अथवा नगर निगम के जोन क्रमांक-4 तथा मुख्यालय के कार्यालय से देखी जा सकती है।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 04
नगर पालिक निगम, रायपुर

### OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 13/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No157253 Registered contractor class in "C" & above For Form "B" (Item Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR PROVIDING & FIXING NEW L.E.D. STREET LIGHT FROM VIDHANSABHA JUNCTION TO MANDIRHASOUD JUNCTION AT RING ROAD No. 03, RAIPUR (TOTAL LENGTH -7.5 K.M.) | Rs 159.40 Lacs |
| 14/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No 157308 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (percentage Rate Tender) | PROVIDING AND FIXING LED STREET LIGHT IN THE RAJNANDGAON DONGARGAON CHOWKI FOURLANE ROAD AT DONGARGAON DIST;- RAJNANDGAON (C.G.) | Rs 92.00 Lacs |
| 15/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No 157348 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR SR/MOW/OW/ DEPOSIT GENERAL ELECRIFICATION WORK & SUPPLYING INSTALLATION TESTING & COMMISSIONING & MAINTENANCE OF AC, LED, PROJECTOR, CC TV CAMERA, WATER COOLER, RO & COOLER IN GOVT RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER PWD E/M SUBDIVISION GARIYABAND (C.G.) | Rs 30.02 Lacs |
| 16/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No157527 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE M.O.W./S.R./O.W/DEPOSIT WORK/ GENERAL E/F WORK IN HIRAPUR & KABIR NAGAR SECTION UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 63.00 Lacs |
| 17/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No157526 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE M.O.W./S.R./O.W/DEPOSIT WORK/ GENERAL E/F WORK IN SCIENCE COLLEGE & AYURVEDIC COLLEGE SECTION UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 52.00 Lacs |

Note:- last date of bid submission of NIT 13/14/15 will 27-08-2024 & NIT 16/17 will 29-08-2024

The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

G-242501833/4

### अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग)

ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH) कोनी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) 495009
वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in
ई-मेलः- registrar@bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 1457/ भंडार / 2024 बिलासपुर, दिनांक 14.08.2024

-:: कंसल्टेंसी अल्पकालिक हेतु खुली निविदा ::-

विश्वविद्यालय द्वारा इन्क्यूबेशन केंद्र की स्थापना एवं सफल संचालन हेतु कंसल्टेंसी नियुक्त किये जाने हेतु प्रतिष्ठित फर्मों /कंसल्टेंट्स से दिनांक 27.08.2024 तक अल्पकालिक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए छत्तीसगढ़ की अधिकृत निविदा वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर जाएँ। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भरने उपरान्त 1000.00 रुपये के बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित मुहरबंद निविदा रजिस्र्टड पोस्ट /स्पीड पोस्ट से कुलसचिव अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, कोनी जिला बिलासपुर (छ.ग.) 495009 के पते पर दिनांक 31.08.2024 सांय 05:00 बजे तक भेजा जाना सुनिश्चित करें । विस्तृत विवरण हेतु विश्वविद्यालय वेबपटल का अवलोकन करें।

S-41177/1 कुलसचिव

### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही जिला - गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.)

:: शुद्धि पत्र क्र. 1 ::

निविदा सूचना क्र. 04 / व. ले.लि. / 2024-25 दिनांक 12.08.2024 निविदा सिस्टम नम्बर 157398 प्रथम आमंत्रण (त्रुटिपूर्ण प्रकाशित) जिसका जी.क्र. 242501800 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता हैः-

| स.क्र. | विवरण | पूर्व प्रकाशित सिस्टम नम्बर | संशोधित सिस्टम नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | सिस्टम नम्बर | 157398 | 157388 |

नोटः- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग मरवाही (छ.ग.)
कृते - मुख्य अभियंता हसदेव कछार
जल संसाधन विभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

G- 242501848/4

### कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

कार्यालय :- 07856 - 252360, फैक्सः- 252360
निवासः- 252350 ई-मेल पताः- ddadante.cg@nic.in

क्रमांक/टी-4/डीएमएफ /2024/1706-A दन्तेवाड़ा, दिनांक 13/8/2024

"खुली निविदा" - द्वितीय आमंत्रण

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डीएमएफ) अन्तर्गत खुली निविदा पत्र निम्नानुसार विवरण अनुरूप आमंत्रित की जाती हैः-
(1) नियम एवं शर्ते तथा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28/08/2024
(2) प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 02/09/2024 अपरान्ह 3.00 बजे।
(3) आवेदन खोलने की तिथि - 03/09/2024 अपरान्ह 3.00 बजे ।

| क्र. | कार्य का नाम | कृषक संख्या | अनुमानित राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नलकूप खनन व सबमर्सिबल पंप स्थापना कार्य | 88 | 210.624 | 3000 | 2.10624 |

अतः इच्छुक खननकर्ता व संस्था जोकि कृषि विभाग में जिले हेतु पंजीकृत वैध नलकूप खनन एवं सबमर्सिबल पंप स्थापना कर्ताओं का छ. ग. शासन द्वारा पंजीकृत हो, निर्धारित नियम एवं शर्तों की पात्रता रखते हो, उसे निर्धारित प्रपत्र में निश्चित तिथि तक रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता है । विस्तृत विवरण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

उप संचालक कृषि,
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

G -242501829/2

### कार्यालय प्राचार्य, श्री नारायण प्रसाद अवस्थी, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, जी. ई. रोड, रायपुर - 492010 (छत्तीसगढ़)

Web site-www.gacraipurcg.in
E-mail-ayurvediccollege@gmail.com
Tel. / Fax No. :- 0771-2263396

क्रमांक/स्टोर/2024/3971-74 रायपुर, दिनांक 14.08.2024

-:: निविदा आमंत्रण ::-

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर, पी. जी. ब्लॉक तथा आवासीय परिसर रायपुर (छ.ग.) में स्वच्छता कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र के साथ रू.500/- (रूपये पाँच सौ मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 11.09.2024 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :- 11.09.2024 सायं 05:00 बजे तक
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 12.09.2024 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 12.09.2024 सायं 04:00 बजे
स्थान :- सभा कक्ष, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर (छ. ग.)

प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

G -242501863/1

### कार्यालय कलेक्टर जिला धमतरी एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

// प्रारंभिक अधिसूचना //

प्रकरण क्रमांक 202308130600027 / अ-82 / 2022-23 चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि को अनुसूची के खाने (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थपन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम 6 में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अन्तर्गत दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है ।

| जिला | तहसील | अर्जित भूमि का विवरण: ग्राम/ प.ह.न. | खसरा नं. | क्षेत्रफल (हे.में) | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| धमतरी | बेलरगांव | बोरबांधा प.ह.न. 40 | - | - | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी नगरी जिला धमतरी क्षेत्रफल | "बोरबांधा जलाशय का वेस्टवियर निर्माण कार्य" |
| खसरा नं. | क्षेत्रफल (हे.में) | खसरा नं. | क्षेत्रफल (हे.में) | खसरा नं. | क्षेत्रफल (हे.में) | |
| 1169 | 0.11 | 1171 | 0.15 | 1183 | 0.14 | |
| 1170/3 | 0.05 | 1184 | 0.10 | 1179 | 0.11 | |
| 1170/4 | 0.04 | 1174 | 0.12 | 1185/1 | 0.17 | |
| 1170/2 | 0.14 | 182 | 0.13 | 1151/3 | 0.07 | |
| 1170/1 | 0.29 | 1175 | 0.11 | 1151/2 | 0.07 | |
| 1151/1 | 0.08 | 1145/3 | 0.05 | 1032 | 0.03 | |
| 1145/6 | 0.06 | 1035 | 0.18 | 1033 | 0.02 | |
| 1145/4 | 0.19 | 1030 | 0.02 | 1026 | 0.04 | |
| 1027 | 0.09 | 1028 | 0.15 | | | |

(पवन कुमार प्रेमी)
अनुविभागीय अधिकारी (रा. ) एवं भू-अर्जन अधिकारी नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(नम्रता गांधी)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-242501835/2

## खबर संक्षेप

### ईकॉम एक्सप्रेस ने आईपीओ लाने सेबी को दिया आवेदन




**नई दिल्ली।** ईकॉम एक्सप्रेस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वनजिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 2,600 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। सेबी के समक्ष दाखिल आईपीओ निर्गम 1,284.50 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और 1,315.50 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश का संयोजन है।

### सोना 400 रुपए टूटा, चांदी में 800 रुपए का उछाल



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच स्थानीय सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 'स्वतंत्रता दिवस' के मौके पर बृहस्पतिवार को बाजार बंद रहा था।

### स्मार्टवर्क्स का आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल




**नई दिल्ली।** स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। सेबी के समक्ष दाखिल आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम 550 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और 67.59 लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है।

# मस्क के पास भी नहीं है इतनी दौलत, जितना बफे की कंपनी के पास है कैश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ वारेन लगातार अपनी होल्डिंग कम कर रहे और कैश रिजर्व बढ़ा रहे

दुनिया भर के शेयर बाजारों के निवेशक इन दिनों दिग्गज इन्वेस्टर वारेन बफे की नकदी के जमा होते पहाड़ से हैरान हो रहे हैं। मुख्य रूप से शेयरों में पैसे लगाकर कमाई करने वाले वारेन बफे लगातार अपनी होल्डिंग कम कर रहे हैं और कैश रिजर्व बढ़ा रहे हैं। अभी तो हाल ऐसा हो गया है कि कैश के विशाल पहाड़ के सामने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की कुल संपत्ति छोटी लगने लगी है।

जून तिमाही के समाप्त होने के बाद वारेन बफे की कंपनी बर्कशायर हाथवे के पास कैश रिजर्व रिकॉर्ड 276.9 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। यह बर्कशायर हाथवे की कुल संपत्ति के 25 फीसदी के बराबर है। कुल संपत्ति में कैश की इतनी हिस्सेदारी इससे पहले 2005 में देखी गई थी, जब आर्थिक मंदी के चलते वारेन बफे ने अपनी होल्डिंग कम कर दी थी और कैश रिजर्व बढ़ाने पर फोकस शिफ्ट कर दिया था।

## बफे ने मुख्य रूप से शेयरों में पैसे लगाकर कमाई की

### दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की कुल संपत्ति

वारेन बफे की कंपनी के भंडार में पड़ा कैश का यह आंकड़ा दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की कुल दौलत से काफी बड़ा है। फोर्ब्स की रियलटाइम बिलेनियर्स लिस्ट के हिसाब से एलन मस्क अभी 243.7 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। वहीं ब्लूमबर्ग की बिलेनियर्स लिस्ट के हिसाब से वह 239 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ पहले पायदान पर हैं।



### एक तिमाही में 110 बिलियन डॉलर बढ़ा कैश

वारेन बफे की कंपनी के पास कैश का आंकड़ा जून तिमाही में बेतहाशा बढ़ा है। उससे पहले मार्च तिमाही में वारेन बफे की कंपनी बर्कशायर हाथवे का कैश रिजर्व 167.6 बिलियन डॉलर से बढ़कर 189 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया था। अब वह 276.9 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। यानी सिर्फ जून तिमाही में यानी अप्रैल से लेकर जून तक के 3 महीनों में बर्कशायर हाथवे के कैश रिजर्व में लगभग 110 बिलियन डॉलर की भारी-भरकम बढ़ोतरी हुई है।

### बफे अमीरों की सूची में 9वें स्थान पर

वारेन बफे भी दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में टॉप-10 में शामिल हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स पर वरेन बफे की नेटवर्थ 139 बिलियन डॉलर बताई गई है और उन्हें 9वें स्थान पर रखा गया है। वहीं फोर्ब्स की रियलटाइम लिस्ट में वारेन बफे 138.7 बिलियन डॉलर की दौलत के साथ दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में छठे स्थान पर हैं।

## तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.30 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

# अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने से शेयर बाजार झूमा, सेंसेक्स 1,331 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने से वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से शुक्रवार को बड़ी बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,331 अंकों की छलांग के साथ दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 397 अंक चढ़कर 24,500 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ। बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ी।*

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,330.96 अंक यानी 1.68 प्रतिशत उछलकर 80,436.84 अंक पर बंद हुआ। यह इसका दो महीने से अधिक समय में एक दिन के कारोबार का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,412.33 अंक यानी 1.78 प्रतिशत तक उछलकर 80,518.21 अंक पर पहुंच गया था।

### टेक महिंद्रा में रही बढ़त

निफ्टी 397.40 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 24,541.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा स्टील के शेयर सर्वाधिक बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सिर्फ सन फार्मा में गिरावट रही।

### साप्ताहिक आधार पर 731 अंक की बढ़त

बीएसई मिडकैप में 1.8 प्रतिशत की तेजी आई जबकि स्मॉलकैप 1.7 प्रतिशत की बढ़त में रहा। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 730.93 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 173.65 अंक यानी 0.71 प्रतिशत उछला।

### एशियाई बाजार चढ़कर बंद

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग ऊपर चढ़कर बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजार तेज बढ़त के साथ बंद हुए थे।



*जापानी येन की स्थिरता से बाजार हुआ मजबूत*

*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'जापानी येन की स्थिरता वैश्विक बाजार को मजबूत करने में मददगार रही है।*

■ सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों की खरीदारी से बड़ी बढ़त दर्ज

■ निफ्टी 397 अंक चढ़कर 24,500 अंक के पार

■ सेंसेक्स के 30 शेयरों में सिर्फ सन फार्मा में गिरावट रही

### मिडकैप और स्मॉलकैप में रही तेजी

स्टॉक्सबॉक्स के तकनीकी एवं डेरिवेटिव विश्लेषक अवधूत बागकर ने कहा, "वैश्विक बाजारों की सकारात्मक धारणा का अनुसरण करते हुए भारत के प्रमुख सूचकांकों में भी खासी तेजी रही। बाजार में बढ़त काफी व्यापक रही क्योंकि मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में भी बढ़त देखी गई। स्थानीय स्तर पर उतार-चढ़ाव कम होने से भी बाजार को मजबूती मिली।"

### डीआईआई खरीदार रहे

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,595.27 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) लिवाल रहे और उन्होंने 2,236.21 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.22 प्रतिशत गिरकर 80.05 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### निवेशकों की संपत्ति 7.30 लाख करोड़ बढ़ी

स्थानीय शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति में 7.30 लाख करोड़ रुपये का बड़ा उछाल देखा गया। इस तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर पड़ा और यह एक ही सत्र में 7,30,389.86 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसी के साथ इन कंपनियों का सम्मिलित रूप से बाजार पूंजीकरण बढ़कर 4,51,59,833.55 करोड़ रुपये (5.38 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

# अदाणी पावर बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति जारी रखेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




■ झारखंड संयंत्र से 1600 मेगावाट की बिजली की आपूर्ति

अदाणी पावर ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने 1,600 मेगावाट क्षमता वाले झारखंड संयंत्र से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति जारी रखेगी। इस संयंत्र से उत्पादित 100 प्रतिशत बिजली की आपूर्ति बांग्लादेश को की जानी थी।

बिजली मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में निर्यातोन्मुख इकाई के रूप में स्थापित संयंत्रों से भारत के भीतर बिजली बेचने की अनुमति देने के लिए बिजली आयात/निर्यात दिशानिर्देशों में संशोधन किया था।

संशोधन में प्रावधान है कि सरकार ऐसे उत्पादन संयंत्र को भारतीय ग्रिड से जोड़ने की अनुमति दे सकती है, जो अपनी पूरी या आंशिक क्षमता को लगातार निर्यात नहीं कर पा रहे हैं या जहां बिजली खरीद समझौते (पीपीए) के तहत भुगतान में देरी सहित किसी भी चूक की स्थिति बन रही है। भारत के भीतर बिजली की बिक्री को सुविधाजनक बनाने के लिए ऐसा किया गया। अदाणी पावर का 1,600 मेगावाट क्षमता वाला गोड्डा संयंत्र शायद देश का एकमात्र संयंत्र है, जिसे बांग्लादेश को 100 प्रतिशत बिजली आपूर्ति की प्रतिबद्धता के साथ स्थापित किया गया है।

अदाणी पावर ने बयान में कहा कि भारत के बिजली निर्यात दिशानिर्देशों में संशोधन एक सार्वभौमिक प्रावधान है, जिसका मकसद मौजूदा व्यवस्थाओं में बदलाव किए बिना बिजली निर्यात प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित बनाना है।

### दायित्व पूरा करने कंपनी प्रतिबद्ध

कंपनी ने कहा, "हम अपने गोड्डा संयंत्र से बांग्लादेश को निर्बाध बिजली दे रहे हैं। हम बांग्लादेश को भरोसेमंद बिजली आपूर्ति के महत्व को समझते हैं और बांग्लादेश विद्युत विकास बोर्ड (बीपीडीबी) की मांग अनुसूची तथा पीपीए के प्रावधानों के अनुसार समझौते के दायित्वों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

# पतंजलि योगपीठ में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण

**हरिद्वार।** भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पतंजलि योगपीठ और पतंजलि विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष स्वामी रामदेव और पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने ध्वजारोहण किया। स्वामी रामदेव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए पांच लाख से अधिक वीर-वीरांगनाओं और ऋषि-ऋषिकाओं ने बलिदान दिया। उन्होंने 78वें स्वतंत्रता दिवस पर देश को शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक, सांस्कृतिक, और वैचारिक आजादी दिलाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पतंजलि इस अभियान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और भारत को स्वस्थ, समृद्ध और संस्कारवान बनाने के लिए काम करेगा।



# संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में 65 वर्षीय मरीज का सफल ऑपरेशन



■ जबड़ा निकालकर पैर की हड्डी लगाई, मुंह के कैंसर से बचाई गई जान

**रायपुर।** संजीवनी कैंसर अस्पताल में 65 वर्षीय मरीज के जबड़े को निकालकर उसकी जगह पैर की हड्डी लगाई गई। झारखंड निवासी इस मरीज का मुंह का कैंसर अत्यंत गंभीर अवस्था में था। 10 घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन के बाद मरीज अब स्वस्थ हैं। संजीवनी कैंसर अस्पताल के संचालक डॉ. यूसुफ मेमन के अनुसार मरीज के कैंसर का इलाज झारखंड में संभव नहीं था, इसलिए उन्हें संजीवनी कैंसर अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में पता चला कि कैंसर जबड़े में फैल चुका है और इसके इलाज के लिए 12 सेंटीमीटर की पुनर्निर्माण सर्जरी की आवश्यकता है। इस पुनर्निर्माण के लिए मरीज के पैर की फिब्युला हड्डी का टुकड़ा जबड़े में लगाया गया। ऑपरेशन के मुख्य सर्जन डॉ. अर्पण चतुर्मोथा, प्लास्टिक सर्जन डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता, और निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. हितेन मिस्त्री ने मिलकर यह जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की। हालांकि वृद्ध मरीजों के लिए ऐसी सर्जरी जोखिम भरी हो सकती है, लेकिन विशेषज्ञों की दक्षता से यह ऑपरेशन सफल रहा।

मरीज अब बेहतर महसूस कर रहे हैं और मुंह के कैंसर से बच गए हैं। भविष्य में उन्हें कीमोथेरेपी द्वारा पूरी तरह स्वस्थ किया जाएगा।

# महिंद्रा थार रॉक्स 6 एयरबैग के साथ 12.99 लाख की कीमत में लांच

*इंटीरियर : थार रॉक्स का केबिन ब्लैक एंड व्हाइट थीम पर बेस्ड है। सीटों पर व्हाइट लेदरेट अपहोल्स्ट्री और डैशबोर्ड पर कॉन्ट्रास्ट कॉपर स्टिचिंग के साथ ब्लैक लेदरेट रेपिंग की गई है। इसमें फ्रंट पैसेंजर के लिए भी एक सेंटर आर्मरेस्ट दिया गया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भारतीय बाजार में थार रॉक्स लांच कर दी है। ये कंपनी की सबसे पॉपुलर एसयूवी थार का 5-डोर वर्जन है। इसमें मौजूदा 3-डोर थार वाली ऑफ-रोड टेक्नोलॉजी दी गई है। कार में कंफर्ट और सेफ्टी के लिए नए फीचर जोड़े गए हैं।

थार रॉक्स में नई 6-स्लेट ग्रिल, ऑल एलईडी लाइटिंग सेटअप, 10.25-इंच टचस्क्रीन, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट और ऑटो एसी जैसे फीचर दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए नई एसयूवी 6 एयरबैग स्टैंडर्ड, टीपीएमएस और एडास जैसे सेफ्टी फीचर से लैस है।

### नई थार स्टैंडर्ड थार से 1.64 लाख रुपए महंगी

कार के बेस पेट्रोल एमएक्स1 वैरिएंट की कीमत 12.99 लाख रुपए और बेस डीजल मॉडल की कीमत 13.99 लाख रुपए (दोनों कीमतें एक्स-शोरूम, इंट्रोडक्टरी) है। नई थार रॉक्स स्टैंडर्ड 3 डोर थार से 1.64 लाख रुपए ज्यादा महंगी है। अन्य वैरिएंट की कीमत जल्द बताई जाएंगी। एसयूवी की बुकिंग शुरू कर दी गई हैं। इसकी डिलीवरी अगले महीने शुरू होने की उम्मीद है।




# भारत, यूएई के साथ हुए एफटीए के तहत आभूषणों पर शुल्क कटौती वापस ले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ जीटीआरआई का चांदी, हीरे, सोने के आभूषणों पर सरकार को सुझाव

■ दोनों ने 18 फरवरी 2022 को एफटीए पर हस्ताक्षर किए थे

सरकार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीएफ) में प्लैटिनम, चांदी, हीरे, सोने के आभूषणों पर शुल्क कटौती की रियायत वापस लेने तथा इसके मूल्य संवर्धन नियमों में बदलाव पर ध्यान देना चाहिए।

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को एक बयान में यह बात कही। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 18 फरवरी 2022 को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है और यह एक मई 2022 को लागू किया गया। सरकार अब यूएई के साथ मुक्त व्यापार समझौते के कुछ प्रावधानों की समीक्षा पर विचार कर रही है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, इस समझौते में अगले कुछ वर्षों में भारत में शुल्क मुक्त सोना, चांदी, प्लैटिनम और हीरे के असीमित आयात का प्रावधान है और इससे घरेलू उद्योग को नुकसान होगा। जीटीआरआई ने आरोप लगाया कि समझौते में मूल नियमों का दुरुपयोग होने की आशंका है। इस कारण भारत को सीईपीए की समीक्षा करनी चाहिए।

मूल्य संवर्धन गणना से लाभ मुनाफे को बाहर रखा जा सके) और सीईपीए लाभों का फायदा उठाने के लिए महंगे उत्पादों (चांदी की छड़ों) को सस्ते उत्पादों (चांदी के दानों) में बदलने पर प्रतिबंध लगाने'' जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# पेरिस में एसी नहीं होने पर किस किसने मुझे कोसा, मोदी ने भारत के ओलंपियनों से ली चुटकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लक्ष्य सेन ने बताया कि कैसे कोच प्रकाश पादुकोण ने उनका मोबाइल ले लिया था, हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह ब्रिटेन के खिलाफ मैच में रोमांचक जीत पर बोले और जब पेरिस में एयर कंडीशनर नहीं होने की चर्चा चली तो कोई अपनी हंसी नहीं रोक सका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय ओलंपिक दल के लिए आयोजित समारोह में खिलाड़ियों ने दिल खोलकर बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले पर हुए समारोह के बाद गुरुवार को ओलंपिक दल की मेजबानी की। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा साझा किये गए वीडियो में उन्हें खिलाड़ियों से व्यक्तिगत तौर पर बात करते देख जा सकता है।





## ब्रिटेन से 150 साल से प्रतिद्वंद्विता

भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत को 'सरपंच साहब' संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पूछा कि ब्रिटेन के खिलाफ शुरू में ही दस खिलाड़ियों पर सिमट गए तो क्या हौसला टूटा था। इस पर हरमनप्रीत ने कहा, 'काफी कठिन था क्योंकि पहले ही क्वार्टर में हमारे खिलाड़ी को रेडकार्ड मिल गया था लेकिन हमारे कोचिंग स्टाफ ने हर परिस्थिति के लिए हमें तैयार किया था। सारी टीम का जोश और बढ़ गया क्योंकि ब्रिटेन को हर हालत में हराना था। ऐसा ओलंपिक के इतिहास मे कभी नहीं हुआ (दस खिलाड़ियों के साथ 42 मिनट खेलकर जीतना)। इसके अलावा हमने 52 साल बाद बड़े टूर्नामेंट में आस्ट्रेलिया को हराया जो बहुत बड़ी बात थी।' ब्रिटेन से प्रतिद्वंद्विता के मामले पर मोदी ने हंसते हुए कहा, 'यह तो पिछले 150 साल से चली आ रही है।'

## लक्ष्य अब बड़े सेलिबेटी

पुरुष एकल बैडमिंटन में चौथे स्थान पर रहे लक्ष्य सेन से बातचीत में मोदी ने कहा, 'जब मैं लक्ष्य से पहली बार मिला था तब वह बहुत छोटा था। अब बड़ा हो गया है। आपको पता है कि अब आप एक सेलिब्रिटी बन गए हो।' इस पर लक्ष्य ने कहा, 'जी सर। लेकिन मैचों के दौरान प्रकाश सर ने मेरा फोन ले लिया था और कहा था कि मैच पूरे होने के बाद ही फोन मिलेगा। उसके बाद ही मुझे पता चला कि सभी ने मेरी कितनी हौसलाअफजाई की। प्रधानमंत्री मोदी ने मजाक में कहा, 'अगर प्रकाश सर इतने अनुशासनप्रिय थे तो अगली बार उनको ही भेजूंगा।'



## मोदी बड़ी-बड़ी बातें करता है लेकिन कमरों में एसी नहीं

पेरिस ओलंपिक पर्यावरण अनुकूल होने के कारण खिलाड़ियों के कमरों में एसी नहीं थे जिससे भारतीय खेल मंत्रालय को आनन फानन में वहां 40 एसी का बंदोबस्त करना पड़ा। मोदी ने हंसते हुए पूछा कि किस किसने उन्हें इसके लिए कोसा था, इस पर किसी ने जवाब नहीं दिया। मोदी ने कहा, 'कमरों में एसी नहीं थे और गर्मी भी थी। मैं जानना चाहता हूं कि आपमें से किसने पहले बोला कि मोदी बड़ी बड़ी बातें करता है लेकिन हमारे कमरों में एसी नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी किसे हुई। लेकिन मुझे पता चला कि कुछ घंटे में ही काम हो गया था। देखा हमने कैसे आपको सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं मुहैया कराने की कोशिश की।'

## कोई हारता नहीं है, हर कोई सीखता है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक भारत के लिए निर्णायक रहे। भारत के 117 सदस्यीय दल ने एक रजत और पांच कांस्य समेत छह पदक जीते। मोदी ने कहा, 'जो जीत नहीं सके, वे इस हार को अपने दिमाग से निकाल दें। आपने देश को गौरवान्वित किया है और कुछ सीखकर लौटे हैं। खेलों में कोई हारता नहीं है, हर कोई सीखता है। मेरा मानना है कि पेरिस ओलंपिक भारतीय खेलों के उत्थान के लिए लांचपैड होंगे। यह निर्णायक बिंदु होगा। इसके बाद हम सिर्फ जीतेंगे, हम रूकने वाले नहीं हैं।'

## 2036 की कर रहे तैयारी

मोदी ने कहा, 'भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। ओलंपिक खेलने वाले खिलाड़ियों की राय काफी महत्वपूर्ण होगी। आपने वहां कई चीजें देखी होंगी, ओलंपिक की योजना से तमाम सुविधाओं तक, खेल प्रबंधन से इवेंट प्रबंधन तक। आपका अनुभव, आपने जो जो देखा, उसे लिखिए ताकि 2036 ओलंपिक के लिए ये सभी छोटी छोटी बातें और आपका अनुभव हमें तैयारी में मदद करे।

## खबर संक्षेप



### प्रज्ञानानंदा, फिरौजा की बढ़त कायम

**सेंट लुइस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा यहां सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अंतिम दिन भी आखिरी स्थान पर बने हुए हैं। हालांकि इससे पहले उन्होंने ब्लिट्ज वर्ग में दो बाजियां जीतीं। प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट से पूर्व दावेदारों में शामिल रूस के इयान नेपोमनियाश्चि और रूस के हिकारू नाकामुरा पर दो जीत दर्ज की। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रहे फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से ड्रा खेला। पर वह ब्लिट्ज के पहले चरण के बचे हुए छह मैच गंवा बैठे जिससे वह तालिका में निचले स्थान पर बने हुए हैं।

# दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज दूसरे टेस्ट के पहले दिन गिरे 17 विकेट

**मेहमान टीम 160 रन पर आलऑउट, वेस्टइंडीज का स्कोर 97/7**

एजेंसी ▶▶| प्रोविडेंस

दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और कुल 17 विकेट गिरे। शामार जोसेफ ने 33 रन देकर पांच विकेट लिए जिसकी मदद से मेजबान टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 160 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए तेज गेंदबाज हरफनमौला वियान मूल्डर ने 18 रन देकर चार विकेट चटकाए और पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज के सात विकेट 97 रन पर गिर गए थे। वह अभी भी दक्षिण अफ्रीका के पहली पारी के स्कोर से 63 रन पीछे है। जैसन होल्डर ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक नाबाद 33 रन बनाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिए डैन पीट ने नाबाद 38 रन की पारी खेली। त्रिनिदाद में खेला गया वर्षाबाधित पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था।



## आस्ट्रेलिया-ए ने भारत-ए पर 2-0 से हासिल की अजेय बढ़त

**मैके।** सलामी बल्लेबाज मैडी डार्के के नाबाद अर्धशतक और शानदार गेंदबाजी प्रयासों से आस्ट्रेलिया ए ने शुक्रवार को यहां दूसरे महिला वनडे मैच में भारत ए पर आठ विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत से आस्ट्रेलिया ने तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। घरेलू ए टीम ने पहला वनडे चार विकेट से जीता था। भारत ए महिला टीम 48 ओवर में 218 रन पर सिमट गई जिसमें तेजल हसाबनिस ने 63 और राघवी बिष्ट ने 70 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया के लिए मैडी ने 115 गेंद में सात चौके जड़ित 106 रन की शतकीय पारी खेली और उनकी सलामी जोड़ीदार कैटी मैक (68 रन) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 22.4 ओवर में 131 रन की साझेदारी निभाई। कप्तान तहलिया मैकग्रा 32 रन बनाकर नाबाद रहीं जिससे आस्ट्रेलिया ने 40.2 ओवर में दो विकेट पर 221 रन बनाए।

**पहलवानों को झटका**

# विश्व चैंपियनशिप में भागीदारी पर मंडराया खतरा : डब्लूएफआई

**कोर्ट ने दिया आईओए की तदर्थ समिति को बहाल करने का आदेश**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ ने शुक्रवार को कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देगा। आदेश में खेल संस्था के कामकाज संभालने के लिए आईओए की तदर्थ समिति को बहाल करने का आदेश दिया गया है। उसका कहना है कि इस हस्तक्षेप से भारतीय पहलवानों की आगामी विश्व चैंपियनशिप में भागीदारी पर खतरा मंडरा सकता है।

मौजूदा आदेश डब्लूएफआई के कामकाज पर रोक लगाने और खेल के लिए राष्ट्रीय महासंघ के रूप में कोई भी गतिविधि करने से रोकने की मांग की याचिका पर आया है। शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि आईओए समिति का पुनर्गठन कर सकता है। आ ई ओ ए ने चार अप्रैल को तदर्थ पैनल भंग कर दिया था और यूडब्लूडब्लू ने डब्लूएफआई के चुनाव कराने के बाद इस साल 13 फरवर के निलंबन हटा दिया था।




कम ब्याज दर @ 7.99%** | कम EMI ₹ 2351** | IDFC FIRST Bank | ₹ 8939** तक की बचत (48 महीनों की फाइनेंशियल स्कीम) | 5% का इंस्टेंट कैशबैक; अधिकतम ₹5000** HDFC BANK | डीलर की जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें | *Celebration offer is valid from 28th June 2024 to 31st July 2024. अधिक जानकारी के लिए, 7230032200 पर मिस्ड कॉल करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

*नियम व शर्तें लागू। **कैशबैक ऑफर केवल पाइन लैब्स मशीनों के जरिए HDFC बैंक के क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके EMI ट्रांजेक्शन के लिए सभी Honda टू व्हीलर्स मॉडलों पर उपलब्ध है। **ग्राहक अधिकतम रु. 5000 तक, 5% के इंस्टेंट कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। **ऑफ़र की अवधि के दौरान प्रत्येक कार्ड/ऑर्डर के लिए एक ट्रांजेक्शन पर मान्य। **कैशबैक ऑफर 31 अगस्त 2024 तक मान्य है। **यह स्कीम केवल चुनिंदा आउटलेट्स पर उपलब्ध है। **फाइनेंस स्कीम और क्रेडिट की सुविधा केवल सीमित अवधि के लिए IDFC FIRST Bank ('बैंक') के विवेकाधिकार पर उपलब्ध होगी। चित्र में दिखाया गया प्रोडक्ट मार्केट में उपलब्ध असली प्रोडक्ट से भिन्न हो सकता है। चित्र में दिखाई एक्सेसरीज स्टैंडर्ड इक्विपमेंट का हिस्सा नहीं हैं। #3 साल की स्टैंडर्ड और 3 साल की मुफ्त एक्सटेंडेड वॉरंटी केवल एक्टिवा 110cc पर उपलब्ध है। *यह स्कीम केवल अधिकृत और मुख्य डीलरों द्वारा ऑफर की जा रही है और इसका लाभ अधिकृत मुख्य डीलरों से एक्टिवा 110cc की खरीद पर उठाया जा सकता है। *यह सेलिब्रेशन ऑफर केरल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में लागू नहीं है। *स्रोतः जून 2001 से जून 2024 तक ब्रांड एक्टिवा की संचयी बिक्री का आंकड़ा। *नियम व शर्तें लागू।

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 626909005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, जुनवानी रोड (माईलस्टोन स्कूल) - 8305224906, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 8720008800, 7970005301

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy




## नक्सलियों ने यूनिफार्म पहने स्कूली छात्र को दौड़ा-दौड़ाकर उतारा मौत के घाट

# हिड़मा के गांव पहुंचकर गृहमंत्री ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोंटा



स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व नक्सल लीडर हिड़मा के गांव में नक्सलियों ने यूनिफार्म पहने स्कूली छात्र को पीट पीटकर मार डाला। वहीं शुक्रवार को डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा पूवर्ती पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की और मृतक छात्र के परिजनों को ढांढस बंधाया।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा धूर नक्सल प्रभावित व नक्सल लीडर हिड़मा के गांव पूवर्ती पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान नक्सलियों ने जिस छात्र की निर्मम हत्या कर दी थी, उस छात्र के परिजनों से चर्चा कर उन्हें सांत्वना दिया। ध्वजारोहण करने दो दिवसीय प्रवास पर जगदलपुर पहुंचे डिप्टी सीएम विजय शर्मा शुक्रवार सुबह नक्सल प्रभावित पूवर्ती गांव पहुंचकर ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर उनसे चर्चा की और दो दिन पूर्व नक्सलियों द्वारा स्कूली छात्र की हत्या की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। देश की आजादी के बाद यह पहली बार हुआ जब कोई उप मुख्यमंत्री नक्सली कमांडर हिडमा के गांव पूवर्ती पहुंचे थे। इस दौरान बस्तर आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, एसपी किरण चौहान और सीआरपीएफ डीआईजी और कमांडेंट शुक्ला मौजूद रहे।

- पूवर्ती पहुंच मृतक के परिवार को गृहमंत्री ने बंधाया ढांढस
- एक सप्ताह में पूवर्ती में एक ही परिवार के तीन की मौत



### सोयम दुरवा के परिवार से मिले

अपने प्रवास के दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा सोयम दुरवा और उनके परिवार से भी मुलाकात की। ज्ञात हो कि नक्सलियों ने बीते सात दिनों के अंदर ही एक ही परिवार के 3 लोगों की निर्मम हत्या कर दी है। वहीं 14 अगस्त को नक्सलियों ने स्कूल में पढ़ने वाले सोयम की भी निर्मम हत्या कर दी थी। इससे सप्ताह भर पूर्व सोयम धुडवा की बहु की मृत्यु हुई थी। सोयम का बेटा पालनार में अपने चाची के साथ रहता था। अपनी भाभी का मृत्यु में शोक कार्यक्रम में शामिल होने आया हुआ था। अंतिम कार्यक्रम करके वापस पालनार जाते समय पूर्वर्ती और ठेकलगुड़ा के बीच में दौड़ा दौड़ा कर सोयम सीताराम को नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया था। वहीं 13 अगस्त की शाम लगभग साढ़े छह बजे सबसे छोटा वाला सोयम शंकर को पूर्वर्ती ओईपारा में डंडों से पीट पीट कर नक्सलियों ने मार डाला था।

# रशियन गर्ल की आंखों में एक्स-रे विजन, देख सकती है शरीर के अंदर

एजेंसी ▶▶| मास्को



दुनियाभर में कई ऐसे लोग हैं, जो अद्भुत शक्तियों के मालिक हैं। इनमें से कोई पूरा का पूरा हवाई जहाज खा लेता है और उसके शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है, तो किसी का शरीर चुंबक जैसा होता है, जिससे लोहे की चीजें अपने आप चिपक जाती हैं। ऐसी ही एक शख्स रशियन गर्ल नताशा डेमकिना हैं, जो अब 37 साल की हैं। नताशा को लेकर ऐसा दावा किया जाता है कि उनकी आंखों में एक्स-रे विजन है। यानी कि वो अपनी खुली आंखों से किसी के भी शरीर के अंदर देख सकती हैं और बीमारियों को पहचान सकती हैं। हालांकि, नताशा ने जब एक्स-रे विजन का दावा किया तब उनकी बातों पर किसी को यकीन नहीं था, लेकिन बाद में धीरे-धीरे लंदन, न्यूयॉर्क और जापान के डॉक्टर और वैज्ञानिकों ने उसके इस प्रतिभा पर सहमति व्यक्त कर दी। नताशा ने एक बार कहा था कि मैं जो भी देखती हूं, उसे समझने में थोड़ा समय लेती हूं। मैं एक्स-रे की तरह ज्यादा तेजी से काम नहीं करती, लेकिन बीमारी की सही पहचान कर लेती हूं।

### 6 लोगों में से 4 लोगों की समस्या को बिल्कुल सही बताया

दरअसल, वैज्ञानिकों की एक टीम ने नताशा को लेकर टेस्ट प्लान किया। साइंटिस्ट ने ऐसे 6 लोगों को चुना, जिनके शरीर में कोई न कोई दिक्कत थी। उन तमाम समस्याओं को एक पेपर पर लिखा गया। फिर उनकी तस्वीरें नताशा को दी गईं और पूछा गया कि उन फोटोज को देखकर बताएं कि वो प्रॉब्लम किस शख्स से जुड़ी है। वैज्ञानिकों को लगा कि नताशा इस टेस्ट को चुटकी में हल कर देंगी। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। इंसान और उसकी समस्या को वो मैच करने में असफल रही हैं। कुल 6 लोगों में से 4 लोगों की समस्या को नताशा ने बिल्कुल सही बताया, लेकिन 2 लोगों की प्रॉब्लम को पहचानने में फेल हो गईं। इसके बाद वैज्ञानिकों ने कहा कि नताशा के पास कोई एक्स-रे विजन नहीं है, वो सिर्फ अंदाजा लगाकर समस्या बतलाती हैं।







# आईने की तरह चमकता है नमक का रेगिस्तान

बोलिवियाई पहाड़ों के बीच, 11,000 वर्ग किलोमीटर के इलाके में सालार दे उयूनी साल्ट फ्लैट्स दुनिया का सबसे बड़ा नमक रेगिस्तान है।



लंदन। बोलीविया के सालार दे उयूनी साल्ट फ्लैट्स अनूठा नमक का मैदान है। इसे देखकर ऐसा लगता है जैसे लोग पानी पर चल रहे हैं, जबकि पानी केवल कुछ इंच गहरा है। हर साल झील के 11,000 वर्ग किलोमीटर के अधिकांश हिस्से में थोड़े समय के लिए बाढ़ आती है और एक साफ शीशे के जैसी सतह बन जाती है।

उयूनी को अक्सर उस जगह के रूप में बताया जाता है जहां 'पृथ्वी आकाश से मिलती है', और यह इसकी सबसे हैरान करने वाली भौगोलिक खूबियों में से एक के कारण है, बरसात के दिनों में, सपाट सफ़ेद ज़मीन पर जमा होने वाला पानी नमक के रेगिस्तान को पूरी तरह से प्रतिबिंबित कर देता है। एक अंतहीन आईने की तरह, इस घटना के साथ, यह तय करना वास्तव में मुश्किल हो जाता है कि धरती कहां खत्म होती है और आकाश कहां शुरू होता है।

एल सालार डी उयूनी अपनी अनोखी हेग्जागोनल या षट्कोणीय संरचनाओं के लिए जाना जाता है। इसमें मैदान में नमक के पैटर्न शामिल हैं। आपने कभी ध्यान दिया हो तो षट्कोण एक कुशल आकार है, और वे बहुत से अप्रत्याशित स्थानों पर दिखाई देते हैं। कुदरती तौर पर यह आकार आपको मोम के बाद नमक के मैदानों में दिखाई देगा।

सालार दे उयूनी साल्ट फ्लैट्स में 10 बिलियन टन से ज्यादा नमक है, जिसमें से कोलचानी कोऑपरेटिव प्रति वर्ष लगभग 25 हजार टन नमक निकालता है। इसमें 21 मिलियन टन लिथियम भंडार है।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com